दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 31 जयपुर, मंगलवार, 09 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### राज.विधानसभा की गृह समिति का किया गठन



**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधानसभा में गृह समिति का गठन कर सभापति सहित चौदह सदस्यों का मनोनयन किया है। गृह समिति में विधायक पुष्पेंन्द्र सिंह को सभापति मनोनीत किया गया है। समिति में विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड, श्रीचंद कृपलानी, केसाराम चौधरी, फूल सिंह मीणा, संदीप शर्मा, शोभा चौहान, जितेंद्र कुमार गोठवाल, महेंद्र जीत सिंह मालविया, अनिल कुमार शर्मा, बृजेंद्र सिंह ओला, टीकाराम जूली, राजकुमार रोत और चंद्रभान सिंह चौहान को सदस्य मनोनीत किया है।

### 24 घंटे में कोरोना के 605 नए केस 4 लोगों की मौत



**नई दिल्ली/ जयपुर।** भारत में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 605 नए मामले मिले, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,002 हो गई है। उधर, प्रदेश में 3 कोरोना के नए केस सामने आए हैं। इसमें जयपुर में 2 और उदयपुर में 1 मामला आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे के आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान कुल चार संक्रमितों की मौत हुई है। इनमें केरल के दो और कर्नाटक तथा त्रिपुरा का एक-एक रोगी शामिल है। इसके साथ ही वायरस के नए वेरिएंट 'जेएन.1' के कारण मामलों में तेजी आई है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**बिलकिस बानो केस में SC का फैसला...** सजा भुगत रहे 11 दोषियों को गुजरात सरकार ने कर दिया था रिहा

# दोषियों की रिहाई रद्द, 2 हफ्ते में करना होगा सरेंडर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

गुजरात दंगों की पीड़िता बिलकिस बानो के साथ 11 लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया था। गुजरात सरकार ने इन आरोपियों को माफी दी थी, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए इन आरोपियों की रिहाई को रद्द कर दिया है। अब इन आरोपियों को दो हफ्ते में सरेंडर करना होगा। साल 2022 के अगस्त महीने में बिलकिस बानो गैंगरेप केस में उम्रकैद की सजा भुगत रहे 11 दोषियों को गुजरात सरकार ने रिहा कर दिया था। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की पीठ ने यह फैसला सुनाया है। इस मामले में बिलकिस बानो ने खुद ही दोषियों को मिली सजा में छूट देकर उन्हें रिहा कर देने के गुजरात सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर थी। उनकी याचिका के अलावा गुजरात सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली कई अन्य जनहित याचिकाएं भी दर्ज की गई थीं। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस भुइयां की पीठ ने मामले में 11 दिनों तक सुनवाई करने के बाद पिछले साल 12 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।



**जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस भुइयां ने दिया निर्णय**

**सभी 11 मुजरिमों को वापस भेजा जाएगा जेल**

### महिला का सम्मान जरूरी: जस्टिस नागरत्ना

सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि पीड़िता के अधिकार महत्वपूर्ण हैं और महिला सम्मान की पात्र है। क्या महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों में छूट दी जा सकती है? कोर्ट ने कहा "गुजरात वह राज्य नहीं है, जहां अपराधियों को कैद किया गया है और जहां सजा सुनाई गई हो। इसलिए यह सजा छूट देने के लिए उपयुक्त सरकार नहीं है, बल्कि छूट वो सरकार दे सकती थी, जिसके राज्य में मामला दर्ज किया है और सजा सुनाई गई है।"

**अदालत के साथ धोखाधड़ी हुई:** कोर्ट का मानना है कि 13 मई, 2022 का फैसला, जिसमें गुजरात सरकार को दोषी को माफ करने पर विचार करने का निर्देश दिया गया था, अदालत के साथ धोखाधड़ी करके प्राप्त किया गया था। पीठ ने कहा कि दोषियों ने साफ हाथों से अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया था।

**2008 में मुंबई कोर्ट ने सुनाई थी सजा:** मुंबई की एक स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने 21 जनवरी 2008 को सभी 11 दोषियों को बिलकिस के साथ गैंगरेप और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के आरोप में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। इस फैसले को बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी बरकरार रखा था।

**सर्दी का सितम:** धुंध की चपेट में रहा पूरा प्रदेश

# धुंध ने दृश्यता घटाई... मावठ ने धूजणी छुड़ाई

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में अधिकतर हिस्सों में सोमवार को भी धुंध ने विजिबिलिटी को प्रभावित किया। कई जिलों में मावठ से किसानों के चेहरे खिल उठे, वहीं तापमान में खासी गिरावट आई। इधर, राजधानी जयपुर में सुबह 10 बजे तक धुंध का साम्राज्य रहा और सूर्यदेव ने दिनभर दर्शन नहीं दिए, साथ ही ठंडी हवाओं ने धूजणी छुड़ा दी।

उधर, राज्य के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल माउंट आबू का तापमान माइनस एक तक लुढ़का रहा, जिससे वहां नलों में पानी जम गया, तो नक्की लेक पर बर्फ की परत तैरती दिखी। सर्दी के चलते राज्य के अधिकांश हिस्सों में जनजीवन खासा प्रभावित हुआ। शीतलहर के शुमार से कंपकंपाती ठंड के कारण लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से निकले। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर दिख रहा है। इसके चलते मंगलवार को प्रदेश के 15 से अधिक जिलों में बारिश व मेघगर्जन की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, कोटा, अजमेर व भरतपुर संभाग में हल्की मावठ हो सकती है। वहीं, पश्चिमी राजस्थान में भी जोधपुर संभाग में हल्की वर्षा की संभावना है।




फोटो: राजेश कुमावत

### बारिश ने बढ़ाई गलन... फतेहपुर में तापमान 3.5°

चूरू, झुंझुनूं, अलवर और सीकर में रविवार देर रात हल्की बारिश हुई। जयपुर, बीकानेर, भरतपुर, कोटा और अजमेर संभाग के सभी जिलों में सोमवार सुबह से पूर्वाह्न 11 बजे तक धुंध और कोहरा छाया रहा। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां बूंदाबांदी भी हुई। कोटा और झालावाड़ में बादल छाए रहे।

### अलवर की रात सबसे ठंडी और श्रीगंगानगर में दिन

अलवर में रात का तापमान 4.5 डिग्री लुढ़ककर 3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। यहां प्रदेश की सबसे ठंडी रात रही। वहीं, श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान (दोपहर में) 10.6 डिग्री रहा, जो सीजन में सबसे कम था। इसके साथ ही राज्य के कई जिलों बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं और अलवर में तापमान सामान्य से नीचे रहा।

### न्यूनतम पारा

| | |
|---|---|
| अलवर | 3 |
| सीकर | 4.0 |
| चूरू | 5.6 |
| जैसलमेर | 5.8 |
| बाड़मेर | 6.0 |
| श्रीगंगानगर | 7.5 |
| जोधपुर | 8.2 |
| अजमेर | 8.4 |
| जयपुर | 8.5 |
| कोटा | 10.3 |

### प्रदेश में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

मौसम केंद्र, जयपुर ने मंगलवार के लिए प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को टोंक, सवाई माधोपुर, प्रतापगढ़, कोटा, करौली, झालावाड़, डूंगरपुर, धौलपुर, दौसा, चित्तौड़गढ़, बूंदी, भरतपुर, बारां और बांसवाड़ा जिलों के लिए बारिश (मावठ) का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार से पूरे राजस्थान में मौसम शुष्क रह सकता है और धुंध व सर्दी से कुछ राहत मिल सकती है।

### वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण बिगड़ा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक चक्रवाती परिसंचरण उत्तरी पंजाब और आसपास के क्षेत्र में समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर स्थित है। इस वजह से राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के ऊपर चक्रवाती हवा का एक सिस्टम बन गया है। इस सिस्टम से होकर दक्षिण-पूर्वी राजस्थान, गुजरात होते हुए अरब सागर तक एक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इसके साथ ही उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस भी एक्टिव है। इन सभी कारणों से राजस्थान, मध्य प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम बदल रहा है।

### धुंध से कई ट्रेनें लेट... कई रि शेड्यूल

धुंध के कारण प्रदेश में कई ट्रेनें लेट हुईं। इसके चलते बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशान होना पड़ा। इसके साथ ही करीब 13 फ्लाइट भी धुंध के चलते प्रभावित हुईं। गाड़ी संख्या 12413, अजमेर-जम्मू तवी सोमवार को 8 घंटे देरी से रवाना हो पाई। इसके साथ ही कई अन्य ट्रेनों को भी रि शेड्यूल किया गया।

**बेधड़क मुलाकात:** सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा मिले राज्यपाल कलराज मिश्र से

# 'सच बेधड़क' के 'रामाभिषेकम्' का राज्यपाल को दिया निमंत्रण

**15 जनवरी को अल्बर्ट हॉल पर होगा भव्य आयोजन**





**बेधड़क** | जयपुर

'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप की ओर से 15 जनवरी को अलबर्ट हॉल पर "रामाभिषेकम्" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर एवं एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा ने सोमवार को राज्यपाल कलराज मिश्र को "रामाभिषेकम्" कार्यक्रम और रामलला की विशाल आरती के लिए निमंत्रण दिया। राजभवन में हुई मुलाकात के दौरान विनायक शर्मा ने राज्यपाल कलराज मिश्र को जानकारी देते हुए बताया कि वे स्वयं अयोध्या जाकर रामलला और श्री हनुमान जी के बाल स्वरूप के विग्रह लाए हैं। ये अष्ठधातु के सिद्ध विग्रह हैं। उन्होंने राज्यपाल मिश्र को बताया कि इन सिद्ध विग्रह का भव्य दरबार सजाया जाएगा और इन विग्रह की प्रकांड पंडितों द्वारा विशाल आरती की जाएगी। आरती के बाद 'सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर' भजनों की प्रस्तुति देंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कार्यक्रम के लिए विनायक शर्मा को शुभकामनाएं दी और 'सच बेधड़क' न्यूज चैनल और दैनिक अखबार की प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा कि वे हर दिन न सिर्फ वह चैनल को देखते हैं, बल्कि नियमित रूप से सच बेधड़क अखबार को भी पढ़ते हैं। इस मुलाकात के दौरान सच बेधड़क चैनल के मैनेजिंग एडिटर सुधांशु माथुर भी मौजूद रहे।

**रूपिन्दर सिंह कुन्नर ने जीती श्रीकरणपुर सीट, टीटी ने दिया इस्तीफा**

# बिना जनादेश के मंत्री बने टीटी नहीं जीत पाए चुनाव

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में पहली बार बिना विधायक का चुनाव जीते मंत्री बनाए गए सुरेंद्रपाल सिंह टीटी श्रीकरणपुर सीट से विधानसभा चुनाव हार गए। उन्हें कांग्रेस के रूपिन्दर सिंह कुन्नर ने 11 हजार 261 मतों से शिकस्त दी। कुन्नर को 94 हजार 761 और टीटी को 83 हजार 500 वोट मिले। चुनाव हारने के बाद सुरेंद्रपाल सिंह टीटी ने सोमवार शाम मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही विधायक बनने से पहले मंत्री बनने वाले व केवल शपथ लेकर इस्तीफा देने वाले टीटी प्रदेश के पहले नेता बन गए। कुन्नर के चुनाव जीतने की सूचना आते ही कांग्रेस में खुशी की लहर दौड़ गई।



रूपिन्दर सिंह कुन्नर



सुरेंद्रपाल सिंह टीटी

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने X अकाउंट पर कुन्नर को शुभकामनाएं देते हुए इसे स्वर्गीय गुरमीत सिंह कुन्नर के जनसेवा के कामों की जीत व भाजपा के अभिमान की हार बताया। भाजपा नेताओं ने हार के कारणों की समीक्षा करने की बात कही। कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के बाद इस सीट पर चुनाव नहीं हो पाया था। कांग्रेस ने यहां से गुरमीत सिंह कुन्नर के पुत्र रूपिन्दर सिंह कुन्नर को मैदान में उतारा था।


**अब पुलिस महकमे की बारी**

# फील्ड में लगे 125 अफसरों के कार्य मूल्यांकन के आधार पर होंगे तबादले

- 40 आईपीएस और 80 आरपीएस अफसरों की देखी जाएगी परफॉर्मेंस
- पहली सूची में फील्ड में लगे आईपीएस व आरपीएस अफसरों के तबादले तय
- फिर, पुलिस मुख्यालय, जेल, एसीबी, एटीएस-एसओजी के ट्रांसफर संभव

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल की सरकार में मंत्रिमंडल के गठन और विभागों के बंटवारे के बाद अब सरकार ने फील्ड में लगे अफसरों की कार्यशैली का मूल्यांकन करके पुलिस महकमे में भी बड़ा फेरबदल करने की तैयारी कर ली है। आईएएस व आरएएस अफसरों की लंबी तबादला सूची के बाद सरकार व अफसर मिलकर रेंज, कमिश्नरेट व जिलों में तैनात आईजी-कमिश्नर और एसपी-डीसीपी के साथ में एडिशनल एसपी व डिप्टी एसपी रैंक के अफसरों की पिछले पांच साल में कार्यशैली को लेकर मूल्यांकन कर रहे हैं। अफसरों के तबादले कामकाज के आकलन के आधार पर किए जाएंगे।



### कई अफसरों की होगी नॉन फील्ड पोस्टिंग

फील्ड में लगे आधे से ज्यादातर अफसरों की नॉन फील्ड पोस्टिंग होगी, क्योंकि अधिकतर अफसरों की पोस्टिंग के दौरान लिया गया फीडबैक निगेटिव मिला है। वैसे, जिन अफसरों का फीडबैक अच्छा मिला है, उनको फील्ड पोस्टिंग ही दी जाएगी, लेकिन उनके तबादले इधर-उधर किए जाएंगे। सूत्रों का दावा है कि फील्ड में लगे 40 आईपीएस और 80 आरपीएस के तबादले पहली सूची में होंगे। आईपीएस अफसरों में से ज्यादातर एसपी रैंक के अफसर शामिल हैं। सरकार ने जिलों में लगे अफसरों का फीडबैक स्थानीय नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों से लेकर खुद के स्तर पर गोपनीय रिपोर्ट बनाई है।

### तीन आईजी रेंज से हटेंगे... तीन को मिलेगा मौका

सूत्रों ने बताया कि तबादला सूची में भरतपुर रेंज के साथ में दो अन्य रेंज के आईजी भी हटेंगे, जबकि हाल ही में पदोन्नत हुए दो आईजी रैंक के अफसरों की रेंज में पोस्टिंग होना तय माना जा रहा है। पुलिस मुख्यालय में तैनात एक आईजी को भी रेंज की जिम्मेदारी मिल सकती है। पुलिस मुख्यालय में तैनात एक डीआईजी रैंक के अफसरों को भी पुलिस कमिश्नरेट में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

### 25 से ज्यादा जिलों के एसपी-डीसीपी बदलेंगे

तबादला सूची में 25 से ज्यादा जिलों के एसपी बदलना तय माना जा रहा है। इनमें से हाल ही में एसपी से डीआईजी पद पर पदोन्नत हुए सीकर, पाली, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, भिवाड़ी, धौलपुर व अनूपगढ़ एसपी की जगह दूसरे आईपीएस अफसर को लगाया जाएगा, जबकि केकड़ी, भीलवाड़ा, उदयपुर, कोटा ग्रामीण, कोटा शहर, बीकानेर, अजमेर, नागौर, डीडवाना, ब्यावर, करौली, जयपुर कमिश्नरेट के तीन डीसीपी, जोधपुर कमिश्नर व दो डीसीपी, जालोर, झालावाड़, बारां, उदयपुर समेत कई जिलों के एसपी का बदला जाना तय माना जा रहा है।

## जरूरी खबर

### राज. विवि के गेट पर आतिशबाजी कर मनाया जश्न




**जयपुर।** राजस्थान विवि के स्थापना दिवस और छात्र नेता विनोद जाखड़ को एनएसयूआई का नया प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर सोमवार रात को छात्रों ने विवि के मुख्य गेट पर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान छात्रों ने एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में छात्र नेता आसिफ़ खान, तरुण वर्मा, सुरेश बैरवा, मनोज कुमार, विकास व राजस्थान विश्वविद्यालय एनएसयूआई संगठन के तथा अरावली व भाभा हॉस्टल के छात्र उपस्थित रहे।

### 'वरिष्ठ अध्यापक अंग्रेजी' विचारित सूची जारी की

**जयपुर।** आरपीएससी ने वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत ग्रुप-बी में सम्मिलित विषय अंग्रेजी की विचारित सूची जारी कर दी है। टीएसपी क्षेत्र के पदों के विरूद्ध 22 तथा नॉन टीएसपी क्षेत्र के पदों के विरूद्ध 95 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए अस्थाई रूप से विचारित सूची में शामिल किया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि विचारित सूची चयन या वरियता सूची नहीं है। इसका उद्देश्य मात्र दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करना है। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों व नियमों के अनुसार की जाएगी।

### शिविर में शिक्षकों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान



**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के मुख्य संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष व वरिष्ठ शिक्षक नेता सियाराम शर्मा के जन्म दिवस पर हर वर्ष की भांति लालकोठी स्कीम जयपुर स्थित प्रांतीय कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा ने किया। प्रदेश मुख्य महामंत्री नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन उनके जन्म दिवस पर प्रतिवर्ष वर्ष 2016 से निरंतर किया जा रहा है। इसी तरह के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) द्वारा प्रत्येक जिले में आयोजित किए जाते हैं।

---

उपमुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# 100 दिन में 50 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र करें तैयार: दीया कुमारी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी पदभार ग्रहण करने के बाद से लगातार एक्शन मोड पर हैं। उपमुख्यमंत्री की ओर से लगातार क्षेत्रों में दौरे करने के साथ ही विभागीय बैठक भी ली जा रही है। इसमें अधिकारियों आमजन के लिए कार्य करने के लिए को निर्देशित किया जा रहा है।



सोमवार को भी उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रथम 100 दिवस की कार्य योजना के तहत प्रदेश में 50 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र तैयार किए जाएं। प्रत्येक जिले में एक-एक आंगनबाड़ी केन्द्र मॉडल केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। इन केंद्रों पर सभी प्रकार की आधारभूत सुविधाएं, ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस, खिलौने, पुस्तकें, फर्नीचर आदि उपलब्ध कराए जाएं, ताकी बच्चों का सार्वांगीण विकास किया जा सके। इसके साथ ही दीया कुमारी ने सीएसआर के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों को बढ़ाने पर जोर दिया।

### 100 दिवसीय कार्ययोजना के प्रत्येक बिंदु पर हो कार्य

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बैठक में समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशक रामअवतार मीणा को 100 दिवसीय कार्ययोजना के सभी बिन्दुओं पर तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसमें समस्त ग्राम पंचायतों में पोषण पंचायतों का गठन, प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर न्यूनतम 6 समुदाय आधारित दिवसों का आयोजन, आंगनवाड़ी केंद्र परिक्षेत्र में 0 से 5 वर्ष के बच्चों की वृद्धि निगरानी पोषण ट्रेकर पर दर्ज करवाना, समस्त 61 हजार 873 आंगनवाड़ी केंदों में गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाए जाने, 61 नवसृजित परियोजनाओं के संचालन की कार्रवाई किए जाने जाने आदि बिन्दु प्रमुख हैं। बैठक में महिला अधिकारिता आयुक्त ओमप्रकाश बुनकर भी उपस्थित रहे।

### सड़क की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

हालही में डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने वित्त, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा पर्यटन, कला एवं सस्कृति विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक ली थी। इसमें भी उन्होंने अिधकारियों को निर्देश दिए थे कि किसी भी कार्य कि गुणवत्ता के साथ कोई समझोता नहीं होना चाहिए। कार्य कि गुणवत्ता खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में दीया कुमारी ने निर्देश थे कि गारंटी अवधि में सड़क खराब हो तो जिस ठेकेदार ने सड़क का निर्माण किया है, उससे उसकी रिपेयरिंग करवाना सुनिश्चित करें।

---

मंत्री सुरेंद्र पाल टीटी की उपचुनाव में हार पर नेताओं की प्रतिक्रिया

# टीटी के काम नहीं आया मंत्री पद, कुन्नर को मिली सहानुभूति

## भाजपा करेगी हार की समीक्षा, श्रीकरणपुर की जनता ने भाजपा के अभिमान को हराया है: गहलोत

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस के नेता गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के बाद श्रीकरणपुर विधानसभा में हुए उपचुनाव के परिणाम ने हर किसी को चौंका दिया है। सरकार बनने के बाद से ही अपने फैसलों से प्रदेश की जनता को चौंका रही भाजपा के लिए भी ये परिणाम चौंकाने वाला रहा। चुनाव में मतदान से पहले ही भाजपा ने यहां अपने प्रत्याशी सुरेंद्र पाल टीटी को राजस्थान की सरकार में मंत्री बना दिया था। बीजेपी को उम्मीद थी कि प्रत्याशी को मंत्री बनाए जाने से मतदाताओं में मैसेज जाएगा कि टीटी जीते तो क्षेत्र का अच्छे से विकास हो सकेगा, लेकिन इसके ठीक उल्टे टीटी चुनाव हार गए। वहीं, कांग्रेस ने गुरमीत सिंह कुन्नर के पुत्र रुपिन्द्र सिंह कुन्नर को प्रत्याशी बनाया था।

इससे पहले भी टीटी 2018 में इसी सीट से गुरमीट सिंह कुन्नर के सामने चुनाव हारे थे। भाजपा विकास के मुद्दे को लेकर इस चुनाव में उतरी थी। यहां सिख और जाट वोटरों की तादाद काफी ज्यादा है और इलाका पंजाब से सटा हुआ है। इसलिए वहां के मुद्दे भी चुनावों पर असर डालते हैं। वहीं श्रीकरणपुर के चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस और भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इन परिणामों को भाजपा के अभिमान की हार बताया है। वहीं, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने हार की समीक्षा करने की बात कही है।

### कांग्रेस की रीति-नीति पर विश्वास: पायलट



कांग्रेस विधायक सचिन पायलट ने कहा कि मुझे खुशी है कि श्रीकरणपुर की स्वाभिमानी जनता ने कांग्रेस की रीति-नीति पर विश्वास जता कर प्रगति, खुशहाली और अपने सुरक्षित भविष्य को चुना है। इस जनादेश रूपी आशीर्वाद के लिए श्रीकरणपुर की जनता का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

### हमारी ताकत कम नहीं हुई: गहलोत



पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने श्रीगंगानगर के श्रीकरणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रुपिंदर सिंह कुन्नर की जीत पर कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद भी हमारी ताकत कम नहीं हुई। इसका फायदा पार्टी को लोकसभा चुनाव में मिलेगा। राजस्थान में सरकार इनकी बनी, लेकिन मंत्रिमंडल विस्तार में देरी हुई, यह कोई सरकार चलाने के तौर-तरीके हैं? जनता पर पहले ही इनका प्रभाव खराब पड़ा है ऐसे में इसका फायदा हमें मिलेगा। उन्होंने कहा कि श्रीकरणपुर में कांग्रेस प्रत्याशी रुपिन्दर सिंह कुन्नर को जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। यह जीत गुरमीत सिंह कुन्नर के जनसेवा कार्यों को समर्पित है। श्रीकरणपुर की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के अभिमान को हराया है। चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाकर आचार संहिता और नैतिकता की धज्जियां उड़ाने वाली भाजपा को जनता ने सबक सिखाया है।

### हार की समीक्षा करेंगे: सीपी जोशी



वहीं मंत्री सुरेन्द्र पाल टीटी के उपचुनाव में हार के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि श्रीकरणपुर में भाजपा प्रत्याशी और मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी के हारने के कारणों की पार्टी समीक्षा करेगी। पार्टी ने टीटी को मंत्री बना क्षेत्र के विकास के लिए चुना था, फिर भी प्रदेश में हम विकास में कमी नहीं आने देंगे।

### सरकार मंत्री बना सकती है, विधायक नहीं



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने कहा कि भाजपा की नई पर्ची सरकार इधर कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदलती रही, उधर जनता ने इनका मंत्री ही बदल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को बने हुए एक महीना हो गया है, लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही थी। सिर्फ कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नाम बदलने का काम कर रही थी और लोगों को बेरोजगार कर रही थी। करणपुर के चुनाव से जनता ने यह बता दिया कि सरकार मंत्री बना सकती है, लेकिन विधायक नहीं बना सकती है। सरकार दिल्ली से जो पर्ची लाकर चल रही है, उसे बंद करें और जनता की भावना के अनुरूप फैसले करें।

### 32वीं बार भी तीतर सिंह को मिली हार



वहीं, करणपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में वोटों की गिनती में मतदाताओं की ओर से रोचक जनादेश का परिणाम देखने को मिला। कुन्नर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी और राज्यमंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को 11 हजार 283 वोटों के अंतर से हराया। वहीं इस चुनाव में 78 साल के निर्दलीय प्रत्याशी तीतर सिंह भी चर्चा में रहे। दरअसल, तीतर सिंह लोकसभा से लेकर सरंपच तक के चुनाव में 31 हार के बावजूद 32वीं बार करणपुर विधानसभा से चुनाव मैदान में उतरे थे, लेकिन तीतर सिंह इस बार भी हार का सामना करना पड़ा। इस बार तीतर सिंह को 1223 वोट मिले वे चोथे नंबर पर रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को 83667 वोट मिले और तीसरे स्थान पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी पृथीपाल सिंह संधू को 11940 वोट मिले।

---

डिप्टी सीएम बैरवा ने ली तीन विभागों की समीक्षा बैठक

# संकल्प पत्र में किए गए वादे पूरे करना सरकार की प्राथमिकता: बैरवा



**बेधड़क** | जयपुर

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को अपने पदभार वाले विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की बैठक में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिले। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवाओं में कौशल का विकास कर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में रोजगार से जोड़ा जाए। संकल्प पत्र में किए गए वादों को प्राथमिकता से लागू करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता रहेगी।

इसी तरह उपमुख्यमंत्री ने शासन सचिवालय में परिवहन विभाग और राजस्थान रोडवेज से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक में परिवहन और रोडवेज की 100 दिन की कार्य योजना के तहत वाहन फिटनेस प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने, प्रदूषण जांच केंद्रों को और अधिक पारदर्शी बनाने, महिलाओं को व्यावसायिक वाहन चलाने के लिए प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर रोड़वेज एमडी प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल, परिवहन आयुक्त मनीषा अरोड़ा, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त (सतर्कता) रंजिता गौतम, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त मन्ना लाल, रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (प्रशासन एवं यातायात) अनीता मीना सहित परिवहन और रोड़वेज के उच्च स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री ने शासन सचिवालय में आयुष चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने 100 दिवस की कार्ययोजना के तहत प्रदेश में सरकार के संकल्प पत्र में उल्लेखित योजनाओं के लाभ आम जनता तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के आदेश दिए। डॉ. बैरवा ने सम्बंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश देते हुए सामंजस्य के साथ कुशलतापूर्वक कार्य निष्पादन के लिए प्रेरित किया ताकि विभाग से जुडी हुई समस्त योजनाओं का आम जन को लाभ मिले और योजनाओं का ध्येय पूर्ण हो सके।

---

ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन

# 70 रेल कर्मी क्रमिक भूख हड़ताल पर

**बेधड़क** | जयपुर

पुरानी पेंशन बहाली योजना संयुक्त मंच के बैनरतले सोमवार को 4 दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल नॉर्थ वेस्टर्न रेल्वे एम्प्लॉईज यूनियन कार्यालय के सामने रेलवे स्टेशन परिसर में शुरू हुई। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉईज के महामंत्री मुकेश माथुर ने सभी रेल कर्मचारियों को माला पहनाकर भूख हड़ताल पर बिठाया। मंडल अध्यक्ष के.एस. अहलावत ने बताया कि संयोजक मुकेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में लगभग 70 कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे। इनमें यूपीआरएमएस के अध्यक्ष सौरभ दीक्षित सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### रेलवे मजदूर संघ कार्यसमिति बैठक की बैठक

बेधड़क, जयपुर। भारतीय रेलवे मजदूर संघ की दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक सेवा सदन, जयपुर में शुरू हुई। बैठक का उद्घाटन करते हुए भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष एवं सेक्टर प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने आह्वान किया कि कार्यकर्ता स्वयं से शुरुआत करते हुए त्याग की भावना आगे रखते हुए संगठन हित के मूल में रखते हुए आगे बढ़े तो निश्चय ही सफलता प्राप्त होगी।

---

प्रबोधन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति व लोकसभा अध्यक्ष भी होंगे शामिल

# विधायकों को देंगे विस प्रक्रिया की जानकारी

**बेधड़क** | जयपुर

16वीं राजस्थान विधानसभा के नव निर्वाचित सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम 16 जनवरी को होगा। सुबह 10:30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड होंगे। जबकि शाम को होने वाले समापन समारोह के



मुख्य अतिथि लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला। इन दोनों कार्यक्रमों की अध्यक्षता विधान सभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी करेगें। समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि प्रबोधन कार्यक्रम में विधायकों को विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी जानकारी प्रदान कराई जाएगी ताकि विधायकों को संसदीय दायित्वों के निर्वहन में सुविधा हो सके। विधान सभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में 6 सत्र रखे गए हैं। संसदीय समितियों एवं उनके कार्यकरण पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम और सदन में आचरण विषय पर विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड व्याख्यान देंगे।

---

बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थक, बताई प्राथमिकता

# चार मंत्रियों ने सचिवालय में संभाला पदभार, नजर आए एक्शन मोड में

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नए मंत्रियों को विभागों के बंटवारें के बाद पदभार संभालने का सिलसिला जारी है। सचिवालय में मंत्री अपने समर्थकों के बीच पदभार संभालने के लिए पहुंच रहे हैं। पदभार संभालने के बाद अपनी प्राथमिकता भी बता रहे हैं। सोमवार को भी सचिवालय में प्रदेश के तीन मंत्रियों झाबर सिंह खर्रा, सुरेश सिंह रावत, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और जोराराम कुमावत ने पदभार ग्रहण किया।

इस दौरान तीनों ही मंत्री एक्शन मोड में दिखे। स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कार्यभार ग्रहण



करने के बाद अपनी प्राथमिकताएं ताते हुए कहा कि उनकी एक ही प्राथमिकता है कि विभाग की हर योजना का क्रियान्वयन पारदर्शी तरीके से हो। इसको लेकर उन्होंने सचिवालय में अधिकारियों को हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई योजनाओं का रिव्यू किया जाएगा। इसके साथ ही पिछले साल दिसंबर तक जो भी योजनाएं चल रही हैं उनकी प्रोग्रेस रिपोर्ट के साथ अधिकारियो से बैठक की जाएगी।

इस प्रोग्रेस रिपोर्ट का 2 दिन अध्ययन करेंगे और उनके पास आई सूचनाओं से मिलान करेंगे। इसके बाद दोबारा बैठक कर उनकी सूचना और अधिकारियों से मिली प्रोग्रेस रिपोर्ट में यदि अंतर होगा, तो उस पर स्पष्टीकरण मांग कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

### 20 गाय पालें, कौन मना करता है: कुमावत

कार्यभार ग्रहण करने के बाद गोपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि आपके पास यदि व्यवस्था है तो 20 गाय पालें। कौन मना करता है। सरकार की तरफ से कोई पाबंदी नहीं है। उन्होंने कहा कि गाय से दूध, घी, मक्खन मिलता है। उन्होंने कहा कि गौमूत्र को



भी अमृत के समान पवित्र मानते हैं। इससे कई सारी बीमारियां खत्म होती हैं। गाय की चमड़ी, हड्डियां तक काम आती है। इसलिए गाय को माता का दर्जा दिया हुआ है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में ही वसुधैव कुटुंबकम की भावना रहती है। ये एक मात्र ऐसी संस्कृति है, जहां पेड़, पौधे, पत्थर, जल, पशु-पक्षी की भी पूजा की जाती है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए गो-संवर्धन पर भी काम किया जाएगा।

### हर घर तक जल पहुंचाना मेरी प्राथमिकता: रावत

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने के बाद हर घर तक जल पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। वैसे भी जिस ईआरसीपी योजना का नाम लेकर कांग्रेस अब तक जनता को बेवकूफ बना रही थी। बीजेपी की सरकार बनने के बाद उसे योजना को धरातल पर लाने का काम शुरू कर दिया गया है। जनता ने हमें प्रचंड बहुमत से राजस्थान की सत्ता सौंपी है। श्रीकरणपुर में हम जनादेश को स्वीकार करते हैं। टीटी को मंत्री बनने के सवाल पर रावत ने कहा कि पार्टी जो भी करती है ठीक ही करती है।



### किफायती बिजली आपूर्ति होगी प्राथमिकता



राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सचिवालय के मंत्रालय भवन स्थित अपने कक्ष में विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया उर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने पुष्पगुच्छ भेंट कर ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान नागर ने कहा कि ऊर्जा विभाग हर वर्ग से जुड़ा हुआ विभाग है। एक प्रदेश की आर्थिक तरक्की उसकी ऊर्जा उपलब्धता, उत्पादन और सुदृढ़ वितरण तंत्र पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रबंधन से डिस्कॉम्स को आर्थिक रूप से मजबूत बनाकर उपभोक्ताओं को किफ़ायती एवं पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा प्रदेश में बिजली घरों के लिए कोयले की पर्याप्त आपूर्ति उनकी प्राथमिकता रहेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा किसानों को दिन के समय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की सभी संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### आठ बीघा में बने अवैध निर्माण को किया ध्वस्त



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-13 में ग्राम चौंमू के मोरिजा गांव में निजी खातेदारी की करीब आठ बीघा कृषि भूमि पर फार्म हाउस योजना के लिए बने अवैध निर्माण को ध्वस्त और मोरिजा रोड संतों की ढाणी में टीनशेड के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-13 में ग्राम चौंमू के मोरिजा गांव में करीब आठ बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के भूमि को समतल कर फार्म हाउस योजना के लिए बनाई गई बाउण्ड्रीवाल और अन्य अवैध निर्माण को प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। वहीं, जोन-13 में ही मोरिजा रोड पर संतों की ढाणी में विवादित भूमि पर अवैध रूप से लगे टीनशेड को ध्वस्त किया गया।

### निगम दस्ते ने 5.50 किलो पॉलीथिन जब्त की




**जयपुर।** नगर निगम जयपुर हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के निर्देश पर और उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद के निर्देशन में हेरिटेज निगम के स्वास्थ्य दस्ते ने सोमवार को जौहरी बाजार में दुकान नं.183 में पॉलीथिन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5.50 किलो पॉलीथिन जप्त की है। साथ ही व्यापारियों को भविष्य में पॉलीथिन उत्पाद का उपयोग नहीं किए जाने के लिए सूचित किया गया। पॉलीथिन के उपयोग के खिलाफ दुकानदारों को कड़ी चेतावनी भी दी गई।

**विकसित भारत संकल्प शिविर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया लाभार्थियों से ऑनलाइन संवाद

# देश ने एक दशक में विकास की ऊंचाइयों को छुआ: पंचारिया

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज निगम के आदर्श नगर जोन में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया गया। शिविर में भाजपा विधायक और नेताओं ने लाभर्थियों से संवाद के किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी लाभर्थियों से ऑनलाइन संवाद को सुना। कार्यक्रम में सिविल लाईन विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकंदाचार्य, पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ रवि नैयर और पार्षद व सैंकड़ों स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में नारायण पंचारिया ने कहा कि गत 10 वर्षों में देश ने अनेक क्षेत्रों में विकास की उंचाईयों को छुआ है।

पहले देश में एक एम्स था अब कई राज्यों में एम्स सहित अनेक शैक्षणिक, प्रबंधकीय एवं शोध संस्थान खुले हैं। साथ ही देश ने अध्यात्म के क्षेत्र में प्रगति की है। अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरीडोर, उज्जेन में महाकाल कॉरीडोर बनने से पूरी दुनियां में भारतवशिंयों का भारत के साथ जुड़ाव बढ़ा है।



### अनगिनत लोगों को मिल रहा लाभ

सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के कोने-कोने में अन्तिम छोर पर बैठे लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। जिसका लाभ अनगिनत लोग उठा रहे हैं। हम सब का भी कर्तव्य है कि हम विकसित एवं आत्म निर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अपनी कर्मठता का परिचय दें और देश को खुशहाल बनाने में योगदान दें। वहीं, समारोह में प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के तहत रूकसार बानो, आबिदा बानो, जाहिदा बानो और रूबिना बानो को गैस चूल्हे, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10-10 हजार के ऋण वितरण स्वीकृति पत्र शहनाज, हनुमान, सलमा और अर्चना को दिए। इस अवसर पर पार्षद किशोर मोत्यानी, नीरज अग्रवाल, प्रकाश शर्मा, सुरेश नावरिया, श्याम सुन्दर सैनी, सुनील दत्ता सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### घर और मंदिरों में 14 जनवरी से शुरू करें सजावट

हवामहल विधायक बालमुकन्दाचार्य ने कार्यक्रम में मौजूद लाभार्थियों को शपथ दिलाने के बाद कहा कि भाजपा जनता की सरकार है और मोदी की गारन्टी घर-घर तक पहुंच रही है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में इन शिविरों के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सक्रियता से योगदान दें। साथ ही कहा कि 14 जनवरी मकर संक्रान्ति से 22 जनवरी तक प्रतिदिन अपने घरों की साफ-सफाई करें और अपने आस-पास के मंदिरों में साफ-सफाई करें। इसके अलावा दीपावली की तरह रोशनी और सजावट करें। राम लला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को महादीपोत्सव की तरह मनाएं।

**पिछले 10 साल में छठी बार 15 जनवरी को मनेगा त्योहार**

# घोड़े पर सवार होकर आएगी मकर संक्रांति, देगी शुभ फल


■ ज्योतिषाचार्य के मुताबिक फलदायी होगी पौष माह की संक्रांति ■ शहर में पतंगबाजी परवान पर

**नरेंद्र चतुर्वेदी** | बेधड़क

**जयपुर।** सूर्य आराधना और स्नानदान का पर्व मकर संक्रांति इस बार भी 15 जनवरी को मनाया जाएगा। संक्रांति 15 जनवरी को सुबह सूर्योदय के बाद अर्की होगी, इसलिए इसका विशेष पुण्यकाल सुबह 9.24 के बाद पूरे दिन रहेगा। वाहन, उपवाहन सहित संक्रांति के स्वरूप के लिहाज से इस बार विशेष शुभकारी होगी। बीते तीन सालों से लगातार संक्रांति 15 जनवरी को मनाई गई है। वहीं पिछले दस सालों में छठी बार मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई जा रही है। वहीं ज्योतिषाचार्य के अनुसार मकर संक्रन्ति का अश्व पर सवार होकर आएगी। इधर संक्रांति से पहले पतंगबाजी पूरे परवान पर है। चारदीवारी में पतंगों के बाजार में खरीददारी बढ़ गई है व आसमान भी रंग बिरंगी पतंगों अटा नजर आ रहा है। सर्दी के साथ लोगा पतंगबाजी का लुत्फ उठा रहे हैं।

पं. युगल किशोर शर्मा ने बताया कि इस बार पौष माह की मकर संक्रांति रहेगी। इस लिहाज से संक्रांति विशेष शुभफलदायी रहेगी। जिस हिसाब से संक्रांति का स्वरूप है, उसके हिसाब से जनता की सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी, मंगल कार्य होंगे। चोर, पाखंडी, दुर्जन दंड पाएंगे।

गौसेवा के प्रति लोगों की जागरुकता बढ़ेगी। इसके साथ ही अनाज का उत्पादन अच्छा होगा, रोगों के निवारण के लिए विशेष कार्य होंगे। मंहगाई नियंत्रण में रहेगी और अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। राजनीतिक क्षेत्र में कुछ परिर्तन के साथ उन्नति होगी।



### इसलिए बढ़ जाता है एक दिन

पं. युगल किशोर शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति 14 जनवरी की रात्रि में आएगी और 15 जनवरी को मनाई जाएगी। पिछले कुछ सालों से अब संक्रांति 14 जनवरी की मध्यरात्रि में ही आती है और 15 जनवरी को ही पर्वकाल मनाया जाता है। आगे के सालों में भी मकर संक्रांति अधिकांश समय 15 जनवरी को ही मनाई जाएगी। दरअसल, हर 70 साल के बाद संक्रांति पर्व एक दिन आगे बढ़ जाती है, क्योंकि निर्णय राशियां सूर्य से आगे हो जाती है। जिस प्रकार हर तीन साल में मलमास के कारण एक माह बढ़ जाता है, उसी प्रकार हर तीन वर्ष में संक्रांति काल एक घंटे बढ़ जाता है। इस तरह 70 से 80 साल में एक दिन बढ़ जाता है।

### ऐसे रहेगा संक्रांति स्वरूप

- वाहन - अश्व
- उपवाहन - सिंह
- वस्त्र - कृष्ण वस्त्र
- पत्ते का - पात्र
- विप्र - वर्ण
- हल्दी का - लेपन
- दुर्वा और पुष्पों से सुज्जजित
- गूंजा के - आभूषण
- नीले रंग की - कंचुकी
- उत्तर में - गमन
- ईशान में - दृष्टि

### बाजारों में सजी पतंग डोर की दुकानें

वहीं शहर के प्रमुख बाजारों में रंग-बिरंगी पतंगों की दुकाने सज गई है। इस बार दुकानों पर किशनपोल बाजार में पतंग की दुकान लगा रहे दिनेश कुमार ने बताया कि वैसे तो हर बार कई डिजाइन की पतंगे बाजार में आती है। इस बार राजनेताओं के साथ - साथ बच्चों के लिए भी विभिन्न डिजाइनों की पतंगे आई है। पतंगों की कीमत में खास इजाफा नहीं हुआ है।

**करोड़ों का नुकसान, जांच के आदेश**

# SMS मेडिकल कॉलेज की लैब में लगी आग



**बेधड़क**| जयपुर

एसएमएस मेडिकल कॉलेज में सोमवार सुबह 5.30 बजे के करीब शॉर्ट सर्किट से एडवांस माइक्रोबायोलॉजिकल लैब में आग लग गई। आग से लैब में रखी 7 करोड़ रुपए कीमत की मशीन जल गई। वहीं 20 से ज्यादा एसी, फर्नीचर, दस्तावेज समेत अन्य सामान जलने से नष्ट हो गया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर अस्पताल के अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची।

घटना पर कॉलेज प्रशासन ने जांच समिति गठित कर कर दी है। वहीं घटना पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने आग लगने वाली जगह का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। दौरे के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, विस्तृत जांच के बाद ही साफ तौर पर स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उपकरणों को हुए नुकसान की वजह से ऑपरेशन में विलंब नहीं होगा। खराब हुए उपकरण जल्द रिप्लेस कर दिए जाएगा। हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे यह पता करने में कि इसमें कोई और वजह है हम पूरी जांच-पड़ताल करेंगे। भगवान की कृपा है कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। इस घटना के कारण ऑपरेशन बाधित नहीं होंगे और स्टॉक 15 दिन में रिप्लेस करवा लिया जाएगा।



सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए दिया न्योता**

## सराफ ने व्यापारियों को बांटे पीले चावल

**बेधड़क** | जयपुर

मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के लिए राजापार्क बाजार में व्यापारियों को पीले चांवल बांट कर निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को एक इतिहास बनने जा रहा है। सनातन धर्म की पांच सौ वर्षों की तपस्या पूरी हो रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। ऐसे में उन्होंने अपील की है कि सभी व्यापारियों को आगामी 22 जनवरी को हर दुकान पर पांच दीपक जलाने, प्रतिष्ठानों पर लाइटिंग करने और दिवाली मनाएं। सराफ ने सभी दुकानदारों से आह्वान किया कि समय निकालकर अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जरूर जाएं। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद स्वाती परनामी, जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्माकुमार सैनी, पूर्व पार्षद चंद्र भाटिया, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष खुशविंदर सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप इत्तन, बृजमोहन मदान, मेहर परनामी आदि मौजूद रहे।



**चिकित्सा मंत्री ने प्रस्ताव को दी हरी झंडी**

## संविदा भर्तियों में बढ़ाए जाएंगे 2,713 पद

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 2022 और 2023 में जारी हुई भर्तियों के पदों में बढ़ोतरी की है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने सोमवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पहली ही बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत साल 2022 और 2023 में जारी संविदा नर्स, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और सीएचओ के पदों में 2,713 पदों की बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। ऐसे में इन पदों पर 9890 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भिजवाया जाएगा।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने चिकित्सा मंत्री को बताया कि पिछले साल जारी हुई संविदा नर्स के 1588 पदों में 750 पद बढ़ाकर कुल 2338 पद, संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 2058 पदों में 1000 पदों को बढ़ाकर कुल 3058 पद किए गए हैं। इनके अलावा सीएचओ के 3531 पदों में 963 पदों को बढ़ाकर कुल 4494 पद कर दिए हैं। इस प्रकार पूर्व में जारी 7177 पदों के स्थान पर अब 9890 पदों पर भर्ती के लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को प्रस्ताव भिजवाए जाएंगे।



**ग्रेटर आयुक्त रुक्मिणी रियार व हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने ग्रहण किया पदभार**

# नगर निगम के नए आयुक्तों ने संभाली शहरी सरकार की कमान

**बेधड़क** | जयपुर

शहरी सरकार की कमान अब पूरी तरह महिलाओं के हाथ में आ गई है। जयपुर नगर निगम के इतिहास में पहली बार महिला आईएएस अफसर रुक्मिणि रियार को प्रशासनिक मुखिया के तौर पर जिम्मेदारी दी गई है। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर का साथ देने के लिए आयुक्त के रूप में रियार को जिम्मा सौंपा गया है। 2012 बैच की आईएएस रुक्मिणी रियार ने सोमवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में सुबह 9.30 बजे नगर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होनें कहा की शहर की सफाई व्यवस्था पर सबसे ज्यादा फोकस रहेगा। उन्होंने निगम कर्मचारियों से मुलाकात भी की।





### आयुक्त अभिषेक सुराणा ने पदभार ग्रहण के बाद मुख्यालय का किया दौरा

हेरिटेज निगम के नए आयुक्त अभिषेक सुराणा ने भी सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इस पद पर कार्यरत राजेंद्र सिंह शेखावत को सचिव, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग लगाया गया है। सुराणा हेरिटेज आयुक्त पद के साथ मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का काम भी देखेंगे। सोमवार को पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पूरे निगम क्षेत्र का दौरा किया और सभी अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने निगम मुख्यालय में आए आगंतुकों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुन समाधान के निर्देश दिए।

### निगम में रेवेन्यू बढ़ाना रहेगा बड़ी चुनौती

आईएएस रुक्मिणी रियार ने कहा कि नगर निगम ग्रेटर के रेवन्यू को बढ़ाने पर फोकस किया जाएगा। जिसमें बकाया यूडी टैक्स, विज्ञापन शुल्क वसूलने आदि पर भी फोकस रहेगा, ताकि नगर निगम ग्रेटर का खजाना भर सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी ऑफिस समय में अपने दफ्तर आएं। जिससे नगर निगम ऑफिस में काम के लिए आने वाले लोगों को निराश नहीं लौटना पड़े। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नवनियुक्त आयुक्त रुक्मिणी रियार को बधाई दी।

### ग्रेटर निगम में प्रमुख पदों पर आधी आबादी काबिज

ग्रेटर नगर निगम में महिला सशक्तिकरण की मिसाल साफतौर पर देखने को मिल रही है, क्योंकि निगम ग्रेटर में शहरी सरकार की मुखिया भी महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर हैं। इसके अलावा उपायुक्त विजिलेंस की कमान भी महिला पुलिस अधिकारी संध्या यादव के पास है, तो वहीं उपायुक्त कार्मिक और स्टोर का चार्ज भी महिला अधिकारी कविता चौधरी को दिया हुआ है।

## जरूरी खबर

### भरतपुर में 108 फीट लंबी अगरबत्ती का स्वागत



**भरतपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 3610 किलो वजनी 108 फीट लंबी अगरबत्ती सड़क मार्ग से गुजरात से अयोध्या ले जाई जा रही है। सोमवार सुबह अगरबत्ती का ट्रेलर भरतपुर के आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे होते हुए अयोध्या के लिए रवाना हुआ। लोगों ने 108 फीट लंबी बत्ती का पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया। कई श्रद्धालु हाईवे पर पहुंचे और जय श्रीराम के जयकारे लगाए। यह अगरबत्ती गुजरात में कई तरह की जड़ी बूटियों से तैयारी की गई है। यह अगरबत्ती करीब डेढ़ महीने तक जलेगी।

### आठ मोर सहित दर्जनभर पक्षी मृत मिलने से हड़कंप

**दौसा।** जिले के सिकराय उपखंड क्षेत्र के अचलपुरा गांव की कोठी वाली ढाणी में एक खेत पर सोमवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित एक दर्जन पक्षी मृत मिले। इस सूचना के बाद वन विभाग में हड़कप मच गया। यहां 8 मोर व 4 अन्य पक्षी मरे हुए मिले हैं, वहीं दो मोर बेहोशी की हालत में मिले। सूचना पर गीजगढ़ से वन विभाग व वेटरनरी डॉक्टर्स की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने सभी मृत व बेहोश मिले पक्षियों को अलग-अलग स्थानों से एकत्रित किया। राष्ट्रीय पक्षी की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए नमूने लेकर जांच के लिए भिजवाए। साथ ही पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की कार्रवाई भी की गई।

### एसडीएम कार्यालय के बाहर व्यापारियों का प्रदर्शन



**टोंक।** पीपलू कस्बे में पिछले दिनों करीब चार लाख रुपए की चोरी का खुलासा करने की मांग को लेकर सोमवार को व्यापारी सड़क पर उतर गए। व्यापार मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों ने दोपहर को कोतवाली झंडा पर इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। इसके बाद उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र चोरी का खुलासा करने की मांग की। इस दौरान पीपलू डीएसपी इंदू लोधी भी मौके पर पहुंचीं और व्यापारियों दस दिन में मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

---

**जिस पिकअप में मशीनें भेजी गईं उसे रथ के रूप में सजाया, जयकारों के बीच देवनानी ने किया रवाना**

# अजमेर की मशीनों से अयोध्या में बनेंगी एक घंटे में 1200 रोटियां

बेधड़क | अजमेर



अयोध्या में नवनिर्मित रामलाल के मंदिर में अजमेर की एक फैक्ट्री में बनी चपाती मेकर मशीनों से वहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रोटियां बनेंगी। यह मशीन एक घंटे में 1,200 रोटियां बनाएगी।

सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी में चपाती मेकर मशीनों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अयोध्या में भक्तों के लिए बनने वाली भोजन प्रसादी में रोटी बनाने के लिए आठ चपाती मेकिंग मशीनें भेजी गई हैं। देवनानी ने बताया कि 22 जनवरी को भगवान राम की गर्भगृह में मूर्ति स्थापना होगी। इसके साथ ही सभी भारतीयों का सालों पुराना सपना पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रामलला के लिए हमने 500 साल तक संघर्ष किया और हजारों कार सेवक शहीद हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कार सेवकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी। भगवान अपने गर्भ गृह में विराजेंगे, यह सभी का सौभाग्य है। राम मंदिर के लिए कितने ही कार सेवकों ने अपना बलिदान दे दिया। उनकी शहादत की बदौलत आज आयोध्या में रामलला का आगमन फिर से हो रहा है।

### सीता भोजनशाला में लगेंगी मशीनें

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसी ही पूरा भारत राममय हो रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या नगरी विश्व का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल बनने जा रही है। इस अवसर पर अजमेर वासियों की भी सहभागिता बन रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सीता भोजनशाला में बनने वाली रोटियों के लिए मशीनों को रवाना किया है। अजमेर से आठ मशीन भेजी गई हैं। मां सीता के भोजनशाला में जाने का निश्चित रूप से पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अजमेर के 50 कारीगर भी वहां काम कर रहे हैं।

### यह है मशीन की खासियत

मशीन निर्माता राजेश और मनीष शर्मा ने बताया कि अयोध्या से उन्हें संत गोपालदास की ओर से मशीनों का आर्डर मिला था। एक मशीन एक बार में 1,200 चपातियां बनाएंगी। पिकअप को सजाकर उसमें मशीन को रखकर भेजा गया है। सात और मशीन तैयार हो रही है, जिन्हें भी भेजा जाएगा।

### इन प्रसिद्ध स्थलों पर भी लगी हैं

फैक्ट्री मालिक मनीष शर्मा ने बताया कि उनकी फैक्ट्री में बनी मशीनें सालासर बालाजी, मेंहदीपुर बालाजी, खाटूश्याम जी मंदिर में लगी हैं। इसके अलावा होटल ताज, जोधपुर के महल सहित देश के बड़े मंदिरों, आश्रमों, सहित निजी कंपनियों में भी मशीनें लगाई गई है। उन्होंने कहा कि उनकी फैक्ट्री में बनी मशीनें अयोध्या में जा रही हैं, यह उनके लिए बहुत सौभाग्य और खुशी की बात है।

---

**सेहत से खिलवाड़: थम नहीं रहा मिलावटखोरी का कारोबार**

# 6 हजार लीटर नकली दूध और 5 क्विंटल मिलावटी मसाले जब्त

## अलवर डेयरी में फिर पहुंचा नकली दूध से भरा टैंकर जांच में पकड़ा

बेधड़क | अलवर



खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने का सिलसिला थम नहीं रहा है। मिलावटखोरों के हौसले बुलंद दिख रहे हैं। हालांकि जांच टीमें लगातार मिलावट करने वालों पर कार्रवाई में जुटी है, इसके बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। ताजा मामला अलवर और अजमेर का है। इसके तहत अलवर की सरस डेयरी में एक बार फिर से 6 हजार लीटर नकली दूध पकड़ा गया है तो वहीं अजमेर में पांच क्विंटल मिलावटी मसाले बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार अलवर सरस डेयरी में 10 दिन में दूसरी बार नकली दूध पकड़ा गया है। इस बार 6 हजार 138 लीटर मिलावटी दूध मिला है, जिसका रिचर्ड मिशेल वैल्यू 30 की बजाय 16 मिली है। 6 हजार लीटर में से करीब 3 हजार लीटर दूध मिलावटी था, जो मुख्य रूप से तेल से बनाया हुआ था। दूध का टैंकर रात को डेयरी में पहुंचा था, जिसकी जांच करने पर नकली पाया गया। गौरतलब है कि इससे पहले 29 दिसंबर को 21 हजार 700 लीटर मिलावटी दूध बरामद किया गया था। 10 दिन में ही करीब 28 हजार लीटर मिलावटी दूध मिला है। पिछली बार मिलावटी दूध लेकर आने वाले टैंकर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। इस बार नकली दूध लेकर पहुंचे टैंकर पर 4 से 5 लाख रुपए का जुर्माना लग सकता है।

### समितियों से एकत्र दूध में मिलाया नकली दूध

एमडी सुबेदीन खान ने बताया कि 7 समितियों का 6 हजार 138 लीटर दूध टैंकर से डेयरी में पहुंचा था। इस दूध में आरएम लेवल मात्र 16 मिला है, जबकि शुद्ध दूध का आरएम 28 से 30 होना जरूरी होता है। इस आधार पर दूध में बड़ी मात्रा में मिलावट पाई गई। मोटे तौर पर दूध तेल से बना हुआ था। हमारी लैब फ्री हैंड काम करती है। इस कारण दूध पकड़ में आया है। एमडी ने बताया कि डेयरी में नकली दूध आने की सूचना मिली थी। इसके बाद जांच कराने पर सच सामने आ गया। यह दूध का टैंकर ठेकेदार बालकिशन का है, जो थानागाजी व बानसूर क्षेत्र से सात समितियों का दूध लेकर आया था। समितियों के स्तर पर दूध सही था। बाद में नकली दूध उसमें मिलाया गया। इसके लिए ठेकेदार पर पैनल्टी लगाई जाएगी।

### फर्म पर औचक धावा, 500 किलो मिलावटी मसाले पकड़े

**अजमेर।** जिले की फूड सेफ्टी टीम ने सोमवार को मिलावट खोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। औचक निरीक्षण के दौरान एक प्रतिष्ठान से पांच क्विंटल मिलावटी मसाले जब्त किए गए। टीम ने ब्यावर रोड स्थित संजय ट्रेडिंग कंपनी पर मसालों की जांच करवाई। जांच में गड़बड़ी मिलने पर टीम की ओर से मसालों के तीन नमूने लेकर 5 क्विंटल मिलावटी मसाले जब्त किए गए। सीएमएचओ एके पींगोलिया ने बताया कि सोमवार को ब्यावर रोड स्थित संजय ट्रेडिंग कंपनी पर फूड सेफ्टी टीम ने मिर्च, हल्दी, धनिया पाउडर की मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी टीम को मौके पर भेजकर जांच करवाई गई। जांच में प्रारंभिक तौर पर मसालों में मिलावट पाई गई। टीम ने मौके से मसालों के तीन नमूने लेकर लिए। फूड इंस्पेक्टर सुशील चोटवानी ने बताया कि उनकी टीम औचक निरीक्षण के दौरान संजय ट्रेडिंग कंपनी पर पहुंची थी। मौके पर फर्म के मालिक अभिषेक सिंह मौजूद थे। पूछताछ करने पर फर्म मालिक ने बताया कि मसाले आस-पास के गांव और ढाबों पर सप्लाई करता है। निरीक्षण में लगभग 300 किलो मिर्च पाउडर, 100 किलो हल्दी पाउडर और 100 किलो धनिया पाउडर मौके पर मिला। चोटवानी ने बताया कि पिछले दिनों टीम की ओर से पड़ाव स्थित फर्म लीलाराम जानिमल पर कार्रवाई में मिर्च पाउडर का नमूना लिया गया था, जिसकी जांच रिपोर्ट में अखाद्य रंग की मिलावट होने से मिर्च पाउडर अनसेफ पाया गया।

---

**चालक मौके से फरार**

# बेकाबू ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत, तीसरा घायल



बेधड़क | भरतपुर

जिले के उच्चैन थाना क्षेत्र में एक बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। वहीं, तीसरा दोस्त घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। सोमवार को पुलिस ने आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए। इधर, घटना के बाद चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

उच्चैन थाना प्रभारी रामवतार मीणा ने बताया कि गांव रहीमपुर के पास एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक पर सवार तीन दोस्त सड़क पर जा गिरे। हादसा होते ही ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीनों घायलों को उच्चैन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उनको आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया।

इसके बाद आरबीएम अस्पताल में मामटोली निवासी पीयूष (22) को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि मामटोली निवासी पुष्पेंद्र (23) और सहना निवासी विशाल (21) को उपचार के लिए भर्ती करा दिया। आरबीएम अस्पताल से दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए जयपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन घायलों को निजी अस्पताल लेकर गए, जहां घायल पुष्पेंद्र की सोमवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि घायल विशाल का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि तीनों दोस्त बिजली फिटिंग का काम करते थे। रविवार शाम को सीरी गांव से काम कर तीनों एक ही बाइक से गांव लौट रहे थे तभी वे हादसे का शिकार हो गए।

---

**युक्ति सामाजिक शोध संस्थान का 10वां स्थापना दिवस मनाया**

# आत्मनिर्भर बनने का करें प्रयास

बेधड़क | चूरू



शहर के श्रीसभागार में सोमवार को युक्ति सामाजिक शोध संस्थान का 10वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालिका महाविद्यालय चूरू की प्राचार्य प्रो. आशा कोठारी ने की।

वहीं मुख्य अतिथि सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या निशा अजमेरा और विशिष्ट अतिथि सीजीएसटी डिप्टी कमिश्नर शकुंतला शेखावत थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपिका शर्मा ने सरस्वती वंदना से किया। संस्था के संरक्षक प्रो. डॉ. सरोज हारित ने मेहमानों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं को पढ़ाई के साथ-साथ किसी भी तरह का हूनर भी सीखना चाहिए आज के युग में हमारी भौतिक आवश्यकताए अत्यधिक बढ़ गई है। उन्होंने महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। संस्थान की राजकौर रहाड़ ने निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में सहयोग किया और संसाधन उपलब्ध करवाए उन सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में किसान आंदोलन में एक किसान की जान बचाने वाली महिला कांस्टेबल पूनम कुमारी का सम्मान किया गया।

---

**सीकर में आयोजित हुआ क्रीड़ा भारती का जिला सम्मेलन**

# देसी खेलों को बढ़ावा दिया जाए: चौहान

बेधड़क | सीकर




जिले की एसबीएस स्कूल में सोमवार को क्रीड़ा भारती के जिला सम्मेलन में वक्ताओं ने देशभर में देसी खेलों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्रिकेट को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है। इसके चलते हमारे परंपरागत खेल पिछड़ते जा रहे हैं।

क्रीड़ा भारती के राज्य संयोजक मेघसिंह चौहान ने कहा कि क्रिकेट जैसे गेम के कॉमर्शियल होने के चलते देशी खेलों को बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में संगठन का प्रयास है कि देशी खेलों से ज्यादा से ज्यादा आगे बढ़ाया जाए। चौहान ने कबड्डी जैसे खेलों को बढ़ावा न मिलने की बात पर कहा कि आज कॉमर्शियल युग हो चुका है। क्रिकेट जैसे गेम में विज्ञापन करने का समय ज्यादा मिलता है। हर विकेट और ओवर के बाद विज्ञापन आते हैं, लेकिन कबड्डी जैसे खेलों में विज्ञापन का समय कम मिलता है। प्राइस भी कम होते हैं। जिसके चलते उन खेलों में कोई रुचि भी नहीं लेता है। चौहान ने बताया कि क्रीड़ा भारती राष्ट्रीय स्तर पर काम करती है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय सम्मेलन में विजेंद्र पचार को जिलाध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है।

संस्था खिलाड़ियों में परंपरागत खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और उनमें देश भावना विकसित करने के लिए काम करती है। क्रीड़ा भारती का लक्ष्य है कि टूर्नामेंट जीतने के लिए न खेलें बल्कि स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए भी खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों को आगे लाने के लिए भी संगठन लगातार प्रयास कर रहा है।

---

**चांद दिखने पर 12 या 13 को होगी विधिवत शुरुआत**

# बुलंद दरवाजे पर चढ़ाया गरीब नवाज के उर्स का झंडा

बेधड़क | अजमेर

ख्वाजा गरीब नवाज के 812वें उर्स से पहले सोमवार को बुलंद दरवाजे पर उर्स का झंडा चढ़ाया गया। भीलवाड़ा का गौरी परिवार गाजे-बाजे के साथ उर्स का झंडा लेकर अजमेर दरगाह पहुंचा था। परंपरानुसार गौरी परिवार ने ख्वाज साहब की दरगाह पहुंचकर उर्स का झंडा चढ़ाया।

अब उर्स की विधिवत शुरुआत रजब महीने का चांद दिखाई देने पर 12 या 13 जनवरी की रात से होगी। झड़े की रस्म के दौरान बड़ी संख्या में जायरीनों की भीड़ मौजूद रही। इस दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस और आरएसी का अतिरिक्त जाब्ता तैनात रहा। वहीं अब उर्स के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास तैयारी की जा रही है। मेरा ख्वाजा हिंद का राजा... और नारा ए तकबीर... आदि की सदाओं के बीच शान-औ-शौकत के साथ गाजे-बाजे और सूफियाना कलाम की अदायगी करते हुए झंडे का जुलूस अस्र की

नमाज के बाद गरीब नवाज गेस्ट हाउस से शुरू हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में जायरीन मौजूद थे। गौरी परिवार के सदस्य झंडा उठाए हुए थे। दरगाह गेस्ट हाउस, लंगर खाना गली, नला बाजार और दरगाह बाजार में झंडे के जुलूस को देखने के लिए बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी दिखी। इरशाद रिफाई की अगुवाई में कलंदर व मलंग हैरत अंग्रेज करतब पेश करते हुए चल रहे थे।



### 12 को खुलेगा जन्नती दरवाजा

अंजुमन सैयदजादगान के उर्स कन्वीनर सैयद हसन हाशमी ने बताया कि चांद रात 12 जनवरी को है। इस दिन तड़के 4.30 बजे जन्नती दरवाजा अकीदतमंदों के लिए खोल दिया जाएगा। शाम को रजब का चांद नजर आ गया तो यह दरवाजा 18 तक लगातार खुला रहेगा। अन्यथा रात को बंद कर दिया जाएगा और 13 को फिर खुलेगा।

### चांद दिखने पर सजेगी महफिल

जानकारी के अनुसार अगर 12 जनवरी को रजब महीने का चांद दिखाई दे गया तो रात से ही गरीब नवाज के उसे की महफिल शुरू हो जाएगी। दरगाह दीवान सैयद जैनुअल आबेदीन अली खान की सदारत में महफिल होगी। मध्य रात्रि को गुस्ल दिया जाएगा। वहीं अगर 12 जनवरी को चांद दिखाई नहीं देने पर 13 की रात से उर्स की सभी रस्में शुरू होंगी।

### पाक जायरीनों के भी आने की संभावना

ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स में इस बार भी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से जायरीनों के आने की संभावना है। बताया जा रहा है कि करीब 400 जायरीनों का जत्था उर्स में शामिल होने आ सकता है। इसको लेकर भी जिला प्रशासन की ओर से सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में व्यवस्था की गई है। पाक जत्थे के आगमन को लेकर सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर है।

---

**व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश**

# अस्पताल में गंदगी को देख कर MLA भड़के

बेधड़क | दौसा

जिले के सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल हुए। साथ ही वे उपजिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने भी पहुंचे।

इस दौरान अस्पताल में कई अव्यवस्थाएं मिली, जिनको देखकर विधायक भड़क उठे। अस्पताल परिसर में गंदगी पसरी हुई थी। वार्डों में भर्ती मरीजों के बेड पर फटी हुई बेडशीटें बिछी मिली। इसके अलावा कई मेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारियों भी गायब मिल। इस तरह की अव्यवस्था पाए जाने पर विधायक ने नाराजगी जताई। इसके बारे में सवाल जवाब करने पर डॉक्टर संतोषप्रद जवाब नहीं दे सके। इस पर विधायक ने सीएमएचओ से बात कर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

उधर कुंडेरा डूंगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कैंप में स्थानीय जनप्रतिनिधि पर विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने विधायक के सामने नाराजगी जताई। महिलाओं ने नरेगा कार्यों में भेदभाव करने व राशन कार्ड में नाम नहीं जोड़ने का आरोप लगाया। इस दौरान महिलाएं मंच पर चढ़ गई। विधायक ने समझाइश कर उनकी मांगों का जल्द समाधान का भरोसा दिलाया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

## राजस्थान विश्वविद्यालय ने मनाया स्थापना दिवस समारोह, डिप्टी सीएम ने दिया रिक्त पदों को जल्द भरने का आश्वासन

# ऐसा विश्वविद्यालय बनाएं कि यहां पढ़ना हर युवा का हो सपना

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय ने सोमवार को अपना 78वां स्थापना दिवस मनाया। विश्वविद्यालय परिसर स्थित मानविकी पीठ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र ने संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। राज्यपाल ने विकसित भारत @ 2047 के तहत विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केन्द्र के रूप में अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्ता व शोध-अनुसंधान की मौलिक दृष्टि के साथ अपने आपको इस तरह से विकसित करें कि दुनियाभर के अभिभावक अपने बच्चों को भारत पढ़ने के लिए भेजना चाहें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय वह स्थान है जहां ज्ञान अंकुरित होता है, युवा पीढ़ी भविष्य में कुछ बनने के स्वप्न संजोती है। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने विश्वविद्यालयी शिक्षा के जरिए युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में रिक्त पद भरने के लिए प्रभावी प्रयास होंगे। सांसद रामचरण बोहरा ने नई शिक्षा नीति के साथ विकसित भारत के लिए चुनौतियों को अवसरों में बदलने की बात कही। विधायक कालीचरण सराफ ने विश्वविद्यालय से अपने जुड़ाव की स्मृतियां साझा की। उन्होंने विधायक कोष से 20 लाख रुपए की राशि विश्वविद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा के विकास के लिए देने की घोषणा की। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को समाहित करते हुए प्रकाशित की गई पत्रिका 'ग्लिम्पसेज' का लोकार्पण किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव कालूराम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




### नवीन शिक्षा नीति-2020 को मूर्त रूप देना प्राथमिकता

इस अवसर पर कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए विश्वविद्यालय के गौरवमयी इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। यह विश्वविद्यालय अनेक चुनौतियों के बावजूद कीर्तिमान स्थापित करता रहा है। आज द्रुत गति से बदलता वैश्विक परिवेश विकास के अनेक अवसर भी प्रदान कर रहा है, हमें इन अवसरों का उपयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य को मूर्त रूप देना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। विश्वविद्यालय एकेडमिक क्रेडिट बैंक प्रणाली अपना चुका है। केन्द्रीय पुस्तकालय भवन में ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## Yuva स्टोरीज




**साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस के लिए आगे आएं युवा**

**जयपुर।** सोमवार को छात्रों को जागरुक करने के उद्देश्य से बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साइबर सिक्योरिटी का महत्व बताते हुए एसएचओ दिलीप खडाव ने साइबर सिक्योरिटी, साइबर लॉ, साइबर फ्रॉड्स के हर पहलू के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में हर किसी को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताते हुए कहा कि आप सभी को खुद की सुरक्षा के साथ आस-पास के लोगों को भी जागरूक करना होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, डीन डॉ.ध्यान सिंह गोठवाल, एसएचओ दिलीप खडाव रहे। डॉ. संजय बियानी ने अपने संबोधन में कहा कि युवतियों को सवाल उठाने में झिझकना नहीं चाहिए ना ही अपनी बात कहने में डरना चाहिए। कॉलेज के डीन डॉ.ध्यान सिंह गोठवाल ने एसएचओ दिलीप खडाव को मोमेंटो देकर आभार व्यक्त किया।



**'स्वागतम- 2024' में स्पेशल बच्चों ने जमाया रंग**

**जयपुर।** ट्रांस वेलफेयर सोसाइटी की ओर से दिव्यांग एवं विशेष बच्चों के लिए नए साल पर 'स्वागतम- 2024' के 9वें संस्करण का आयोजन हुआ। ट्रांस वेलफेयर सोसाइटी की मुख्य संरक्षक एवं रोटरी क्लब जयपुर साउथ की अध्यक्ष डॉ. निर्मला सेवानी ने इस मौके पर स्पेशली एबल्ड बच्चों को मेडिटेशन करवाया और उन्हें सम्मानजनक तरीके से जीने के गुर सिखाए। कार्यक्रम में बच्चों के लिए गेम्स, मैजिक शो रखे गए साथ ही कार्टून कैरेक्टर्स ने उनका मनोरंजन किया। दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृहतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दीं। इस आयोजन में बच्चों को बच्चों को किताबें, कॉपियां, स्टेशनरी, टिफिन, वॉटर बॉटल, पेंसिल बॉक्स, गरम कपड़े, बिस्कुट, चॉकलेट, डेंटल किट, कैप, सॉक्स, मफलर और अन्य उपहार देकर हौसला बढ़ाया गया। सोसाइटी की अध्यक्ष कोमल चौहान ने बताया स्वागतम् कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को खुशियां बांटना और मनोरंजन के लिए है। इसकी शुरुआत 2014 में 20 बच्चों के साथ की गई थी जो 2024 के 9वें संस्करण में 350 बच्चों तक पहुंची है।



**मिस इंडिया ग्लैम-2024 सौम्या गुप्ता का सम्मान**

जयपुर। आईआईएस यूनिवर्सिटी कैंपस में इसी यूनिवर्सिटी की बीए, बीएड प्रोग्राम की स्टूडेंट व मिस इंडिया ग्लैम-2024 की क्राउन विनर सौम्या गुप्ता को नवाजा गया। सोमवार को एक कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता ने शानदार उपलब्धि और आईआईएसयू का नाम रोशन करने पर उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सौम्या को आर्शीवाद दिया। गौरतलब है कि पिछले दिनों शहर के एक रिसोर्ट में हुए ब्यूटी पेजैंट मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम सीजन-5 के ग्रैंड फिनाले में सौम्या गुप्ता ने मिस इंडिया ग्लैम--2024 का टाइटल जीता। इसमें करीब 10 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

## सिंगर अमित त्रिवेदी, पैराडाक्स व डीजे शान करेंगे परफॉर्म

# एंटरटेनमेंट के साथ होगी ग्रूमिंग की जुगलबंदी

बेधड़क | जयपुर

8 जनवरी। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में 10 से 13 जनवरी तक एनुअल स्पोर्ट्स व कल्चरल फेस्ट 'लक्ष्य 2024' का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत सेलिब्रिटी नाइट आयोजित की जाएगी, जिनमें स्टूडेंट्स को कई नामी कलाकारों की प्रस्तुतियों का लुत्फ उठाने का अवसर मिलेगा।

संवाददाता सम्मेलन में इस फेस्टिवल के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए यूनिवर्सिटी के को-फाउंडर राहुल सिंघी ने बताया कि 'लक्ष्य' फेस्ट में 10 जनवरी को म्यूजिक बैंड स्पेस चिंप्स और डीजे शान की परफॉर्मेंस होगी। 11 बेनी दयाल म्यूजिकल परफॉर्मेंस देंगे वहीं अगले दिन 12 जनवरी को बॉलीवुड म्यूजिक डायरेक्टर व सिंगर अमित त्रिवेदी की लाइव परफॉर्मेंस होगी।

13 जनवरी को एमटीवी हसल फेम हिप-हॉप आर्टिस्ट पैराडाक्स की प्रस्तुति के साथ इस स्पोर्ट्स व कल्चरल फेस्ट का समापन होगा।




### स्टूडेंट्स डेवलमेंट के लिए ऐसे आयोजन बेस्ट

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी ने बताया कि यूनिवर्सिटी का सबसे बड़ा फेस्ट है 'लक्ष्य', जो इस बार 'हार्मनी इन डायवर्सिटी' थीम पर आयोजित किया जा रहा है। स्टूडेंट्स का सर्वांगीण विकास इसके आयोजन का मुख्य उद्देश्य है, जिसके लिए फेस्ट में स्पोर्ट्स व कल्चरल के साथ-साथ नॉलेज व फन एक्टिविटीज का संयोजन किया गया है। इससे प्रतिभागियों में डिसीजन मेकिंग, टाइम मैनेजमेंट, ट्रस्ट, टीम वर्क, कम्यूनिकेशन स्किल व लीडरशिप स्किल जैसे गुण विकसित होते हैं। स्टूडेंट काउंसिल के अध्यक्ष अव्वल यादव ने कहा कि 'लक्ष्य' फेस्ट की तैयारियों व इसके आयोजन में स्टूडेंट्स को आगे रखा गया है। यूनिवर्सिटी को यह निर्णय स्टूडेंट्स के स्किल डेवलपमेंट में सहायक साबित होता है।

### मिलेगा नए स्टार्टअप्स को मौका

यूगामी की संस्थापक अर्जिता सी. सिंघवी ने बताया कि लक्ष्य के आखिरी दिन 13 जनवरी 'यूगामी यूथ फेस्ट 2.0' होगा, इसमें पैराडॉक्स की लाइव परफॉर्मेंस के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इससे पूर्व दिनभर में रोमांचक एक्टिविटीज होंगी, जिनमें स्टूडेंट्स को देवाशीष, रित्वी, सृष्टि गर्ग एवं नेहा डूडल्स जैसे नामी सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स से रूबरू होने का मौका मिलेगा। फेस्ट में नए स्टार्टअप्स को मंच प्रदान किया जाएगा तथा नेटवर्किंग मिक्सर व शॉपिंग कार्निवल भी आकर्षण के केंद्र बनेंगे।




### खेल के साथ होंगी अन्य एक्टिविटीज

स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि फेस्ट में स्पोर्ट्स कैटगरी में कैरम, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बॉक्स क्रिकेट, अमेरिकन फुटबॉल, टेबल टेनिस, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। कल्चरल कैटेगरी में स्टूडेंट्स वेस्टर्न डांस, आर्टिस्टिक मिमिक्री, अंताक्षरी, शायरी, फैशन शो, ड्रामा, हिप-हॉप बैटल, सिंगिंग व ग्रुप डांस जैसी एक्टिविटीज में भाग ले रहे हैं। इनके अलावा राइट योर माइंड, एआई इमेज जनरेशन, नो गैस कुकिंग, थिंक आउट ऑफ द बॉक्स, पूर्णिमा प्रीमियर लीग, ट्रेजर हंट, डिजिटल पोस्टर मेकिंग, टेक हंट, फेस पेंटिंग, वेब एक्सपोज जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।

# जेईई से क्लैश न हो इसलिए बदली बोर्ड एग्जाम्स की तारीखें



### सीबीएसई बोर्ड एक्जाम का नया टाइम टेबल जारी

बेधड़क | जयपुर

सीबीएसई ने इस साल होने वाली 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट में बदलाव किए हैं। पहले 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से 10 अप्रैल तक आयोजित की जा रही थीं जिनकी तारीखें बदलकर अब 15 फरवरी से 2 अप्रैल कर दी गई हैं। वहीं 10वीं के बोर्ड एग्जाम 21 मार्च 2024 को खत्म होने थे जो कि अब 13 मार्च को खत्म होंगे।

परीक्षाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी और दोबारा जारी कैलेंडर के बारे में स्टूडेंटस् सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जा कर ले सकते हैं।

### 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से

रीशिड्यूल्ड डेटशीट के अनुसार कक्षा 12वीं की परीक्षाएं अब 15 फरवरी से 10 अप्रैल 2024 तक आयोजित की जाएंगी और कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से 13 मार्च तक होंगी। नए नोटिफिकेशन के मुताबिक बोर्ड परीक्षाओं की तारीख जेईई मेन्स 2024 से ना टकराए इसके लिए ही ये बदलाव हुए हैं। जेईई मेन्स सेशन 1 के एग्जाम 24 जनवरी 2024 से 1 फरवरी 2024 तक आयोजित किए जाएंगे और सेशन 2 परीक्षा 1 अप्रैल 2024 से शुरू होगी और 15 अप्रैल तक जारी रहेगा।

### 18 दिनों में पूरी होंगी दसवीं बोर्ड की परीक्षा

10वीं बोर्ड की परीक्षाएं अब 18 दिनों में पूरी की जाएंगी। परीक्षाएं 15, 16, 17 फरवरी को आयोजित की जाएंगी जो कि 13 मार्च तक चलेंगी। जारी डेटशीट के अनुसार 10वीं की परीक्षाएं 15, 16, 17, 19, 20, 21, 23, 24, 26, 28 फरवरी और 02, 04, 05, 7, 11 और 13 मार्च को आयोजित की जाएंगी।

## IIT रुड़की के उद्यमिता समारोह में युवा एंटरप्रेन्योर्स ने सीखे नवाचार

**जयपुर।** आईआईटी रुड़की की ओर से एसकेआईटी जयपुर के जेसी बोस ऑडिटोरियम में उद्यमिता समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसकेआईटी के उधमिता संकाय की समन्वक डॉ मोनिका माथुर नेतृत्व में आइडिया स्टॉर्म, इन्वेस्टर्स विस्टा और क्विज़ हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वेंकट साई थे। आइडिया स्टॉर्म में, युवा उद्यमियों ने अपने नवाचारी और रोचक विचारों को साझा किया। इन्वेस्टर्स विस्टा ने उद्मियों को निवेशकों से मिलवाया और नई परियोजनाओं के लिए सहयोग प्रदान करने का मौका दिया। वहीं क्विज़ कार्यक्रम में युवाओं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**जॉब सर्च** | ढेर सारे विकल्पों के साथ वकालात के प्रोफेशन की ओर बढ़ रहा रुझान

# कानून की धाराओं से निकलेगी कॅरिअर की धारा

### लॉ में अब वकालत के अलावा भी उपलब्ध हैं ढेरों ऑप्शन्स

बेधड़क | जयपुर

एक समय था जब लॉ ग्रेजुएट के सामने सीमित ऑप्शंस होते थे। वे लॉ करके वकील या जज बनने का चुनाव करते। लेकिन आज स्थिति वैसी नहीं रह गई है। आज लॉ स्टूडेंट्स के सामने कई विकल्प खुले हैं। कॉरपोरेट लॉयर, एलपीओ प्रोफेशनल, लॉ टीचिंग, लॉ रिपोर्टर, टेक्सेशन लॉयर, लेबर लॉयर। 12वीं के बाद युवाओं में कॅरिअर के चुनाव को लेकर दुविधा होती है कि आगे क्या करें। अगर आप 12वीं के बाद लॉ में कॅरिअर बनाना चाहते हैं तो पहली सीढ़ी 12वीं के बाद ही चढ़नी होगी।



### अब ग्रेजुएशन के साथ भी कर सकते हैं कानून की पढ़ाई

आप बीकॉम के साथ एलएलबी, बीबीए+एलएलबी, बीटेक+एलएलबी, बीएससी+ एलएलबी में ग्रेजुएशन कर सकते हैं। देश में कई ऐसे नामी कॉलेज हैं जो ग्रेजुएशन के साथ एलएलबी कराने के लिए सीएलएटी यानी क्लैट की परीक्षा करवाते हैं। इसका अर्थ है कॉमन लॉ एडमिशन इसमें अंग्रेजी, जनरल नॉलेज, कानूनी योग्यता, रीजनिंग और गणित जैसे विषय शामिल होते हैं। 12वीं के बाद अच्छे कॉलेज से ग्रेजुएशन और एलएलबी करने के लिए क्लैट देना होता है। इसके लिए आप अपनी अच्छी तैयारी करें।

### छह साल में मिलेगी डिग्री

12वीं के बाद आप किस फील्ड से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करेंगे। यह सबसे अहम फैसला होता है। भविष्य में आप जिस भी फील्ड में अपना कॅरिअर बनाना चाहते हैं उसकी तैयारी 12वीं के बाद शुरू हो जाती है। कोई डॉक्टर बनना चाहता है तो कोई वकील, इंजीनियर आदि। कई छात्र ऐसे हैं जो न्यायपालिका की ओर जाते हैं। वकालत किसी व्यक्ति या ग्रुप द्वारा की जाने वाली एक गतिविधि है जिसका उद्देश्य राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संस्थानों के भीतर निर्णय लेना होता है। अगर आप लॉयर बनना चाहते हैं तो 12वीं के बाद ग्रेजुएशन कर सकते हैं लेकिन इसके साथ आपको एलएलबी की डिग्री लेनी होगी यह आप 6 साल में भी पूरा कर सकते हैं।

### बेहतरीन यूनिवर्सिटीज में कोर्स अवेलेबल

जॉब के लिए अदालतों में ही नहीं सरकारी विभागों में, प्राइवेट सेक्टर में विशेषकर मल्टीनेशनल कंपनियों में खूब संभावनाएं हैं। इसके लिए युवाओं को पढ़ाई के लिए एक से एक अच्छी यूनिवर्सिटीज में दाखिला मिल सकता है। कई राज्यों में स्पेशल लॉ कॉलेज और यूनिवर्सिटीज हैं जिनमें नलसार हैदराबाद, हिदायतुल्ला नेशनल यूनिवर्सिटी रायपुर, एनयूजेएस कोलकाता, एनएलयू जोधपुर, एनएलआईयू भोपाल, निरमा अहमदाबाद आदि प्रमुख नाम हैं। यहां से लॉ में शिक्षा हासिल कर आप लॉ में बेहतरीन कॅरिअर ऑप्शंस हासिल कर सकते हैं।

संदर्भ: मालदीव में पीएम पर अभद्र टिप्पणी

# संप्रभु राष्ट्र और सर्वोच्च पद का अपमान असहनीय



एकता शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

14 फरवरी 2005 को पहली बार भारत ने अपनी पड़ोसी देशों के प्रति नीति की घोषणा करते हुए कहा था कि पड़ोसी देशों की सरकारों के साथ कामकाजी संबंध बनाकर रखेगा। साथ ही, उन देशों में पल रही लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को भी प्रोत्साहित करता रहेगा। हमारी विदेश नीति के उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में पहला कदम एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं स्थिर पड़ोसी सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य के साथ भारत ने अपने पड़ोसी देशों के साथ पारस्परिक लाभकारी संबंध विकसित किए, विदेश मंत्रालय वार्षिक रिपोर्ट 2010-11 के आधार पर हम अपनी विदेश नीति को भली-भांति समझ सकते हैं। 'क्षमा बड़न को चाहिए, छोटन को उत्पात' के मद्देनजर भारत ने हमेशा से सर्वधर्म समभाव, वसुधैव कुटुंबकम की भावना से विदेश नीति का संचालन किया। इसके विपरीत मालदीव की डिप्टी मिनिस्टर ऑफ यूथ एम्पावर्नमेंट मरियम शिउना ने प्रधानमंत्री पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी कर डाली, जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुई। यह तो शर्मनाम और अपमानजनक है ही, अपने ही देश में कुछ लोगों द्वारा इसे लेकर मखौल उड़ा और भी बड़ी शर्मिंदगी भरा काम किया।

यह किसी व्यक्ति का अपमान नहीं, अपितु एक संप्रभु राष्ट्र और उसके सर्वोच्च पद का अपमान है। ऐसे में एक पौराणिक कथा जहन में उभर आती है कि स्वयं को संत समझने वाला एक भिक्षु राजा जनक के दरबार की विराट भव्यता, ऐश्वर्य और सौंदर्य देखता है तो हतप्रभ होकर जनक के विदेह होने पर पर संदेह करता है। उसकी मनोस्थिति को समझ राजा जनक समझ जाते हैं और उसके अनकहे प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उसे एक दिन का राजा बन अपने शयनकक्ष में लेटने का प्रस्ताव देते हैं। अब भिक्षु को राजा बनते ही चारों ओर वही दिखाई देने लगा, जो एक राजा को दिखाई देता है। जिस बिस्तर पर वह लेटता है उसके ऊपर उसे नंगी तलवारें लटकी हुई नजर आती हैं, मानो आंख बंद करते ही उस पर गिर पड़ेगी। इसी चिंता में उसे रात भर नींद भी नहीं आती। यानी उसे अपने प्रश्न का उत्तर मिल चुका था।

> *लक्षद्वीप 36 छोटे-छोटे टापू से बना प्राकृतिक खूबसूरती को सजोंए एक ऐसा हॉट स्पॉट टापू है, जहां देश की जैव विविधता के साथ-साथ आदिवासी जनजातियां बहुतायत में निवास करती हैं। जिनकी अपनी सहमति और नियम-कायदे भी हैं। इतना ही नहीं, इन 36 टापू में एक टापू तो विलुप्त भी हो गया है। ऐसे में एक सवाल पर्यावरण को लेकर भी उठता है।*

यही हाल कुछ तस्वीरों को लेकर सोशल मीडिया पर हो रहा है। जब नववर्ष के उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्ष्यद्वीप में कुछ पल विश्राम के कर रहे थे। तो, उनकी इस यात्रा के अलग-अलग अपने-अपने मायने निकाले जाने लगे। तो, क्या प्रधानमंत्री का किसी भी समुद्र तट पर विश्राम करना गलत है? इसके मायने मालदीव में अलग निकाले गए, जिसकी अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है, और उसका पर्यटन भारतीय पर्यटकों पर। भले ही, अर्थव्यवस्था में पर्यटन को बढ़ावा देकर देश को लाभ पहुंचाया जा सकता है। भारत अपने सभी पड़ोसी देशों से बड़े भाई की तरह भ्रातृत्व का रिश्ता निभाता रहा है। फिर, मालदीव का विकल्प लक्षदीप में तलाशने की जरूरत क्यों पड़ी? संभवतः हाल ही में मालदीव में हुए चुनाव इसके कारण हो? जिसमें एंटी इंडिया कैंपेनिंग चल रही थी। यही नहीं, वहां के नए प्रेसिडेंट की पहली विदेश यात्रा पर तुर्किए और उसके बाद चीन जाना, इस बात का संकेत दे रहा था कि मालदीव का रुख भारत के प्रति बदलने लगा है। वैसे, अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कोई किसी का स्थाई मित्र अथवा शत्रु नहीं होता। फिर भी, भारत ने अपने पड़ोसी देशों के साथ हमेशा से ही टकराव टाला और सौहार्दपूर्ण संबंध के साथ समावेशी विकास के प्रयास किए हैं। यहां तक कि हमने उन्हें प्राकृतिक विपदाओं भूकंप आदि में भी मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए तमाम पड़ोसियों की मदद भी की। यही नहीं, पर्यटन की दृष्टि से भारत ने मालदीव को सबसे अधिक पर्यटक दिए हैं। आंकड़ों के अनुसार पिछले साल ही 2 लाख से अधिक भारतीय पर्यटक मालदीव गए थे। एक ऐसा देश जहां की इकोनॉमी पर्यटन पर निर्भर करती है। क्या उसे ऐसे बयान शोभा देते हैं जैसे कि वहां के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर दिए? भारत एक संप्रभुता संपन्न गणतंत्रतात्मक देश है। सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, यहां प्रत्येक नागरिक को संवैधानिक अधिकार दिए हुए हैं। ऐसे राष्ट्र के प्रधानमंत्री पर अशोभनीय टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं की जा सकती। ऐसी अभद्र टिप्पणियां किसी भी देश के आम आदमी को भी शोभा नहीं देती, जबकि किसी देश का मंत्री द्वारा करना तो अत्यंत गंभीर है। बस, एक ही बात डराती है कि आत्मनिर्भर भारत के तहत पर्यटन को प्रोत्साहित करने के चक्कर में पर्यावरण की बलि चढ़ जाए। ध्यान रखना होगा कि वहां की कोरल रीफ, तथा आदिवासी जनजातियों पर आने वाले समय में अंधाधुंध आधारभूत ढांचे के विकास से कोई आंच न आए। वहां की सभ्यता, संस्कृति और सौंदर्य पर आंच न आए। तभी सबका साथ-सबका विकास के साथ सबका विश्वास प्राप्त होगा। बहरहाल, मालदीव के राष्ट्रपति ने अभद्र टिप्पणी से जुड़े तीनों मंत्रियों को मंत्रिमंडल से हटाकर भारत के प्रति आदर भाव (चाहे आर्थिक नुकसान के मद्देनजर) अवश्य दिखाया है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

प्रवासी भारतीय दिवस विशेष

# अर्थव्यवस्था में ऊर्जा भरते एनआरआई



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *प्रवासी भारतीय दिवस की पहल से प्रवासी भारतीयों का देश से जुड़ाव बढ़ा और वे देश के विकास में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि ज्यादतर लोग उन्नीसवीं शताब्दी में आर्थिक कारणों की वजह से भारत छोड़कर दुनिया के अन्य देशों में गए। इसकी शुरुआत अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया, फिजी और कैरेबियाई देशों से जहां अंग्रेजों को अपने उपनिवेशों में सस्ते मजदूरों की जरुरत थी।*

आज प्रवासी भारतीय दिवस है। यह दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौटने की तिथि 9 जनवरी 1915 के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 2003 से हुई। पहला प्रवासी भारतीय दिवस 8-9 जनवरी 2003 को नई दिल्ली में आयोजित हुआ था। इस अवसर पर प्रायः अपने क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले भारतवंशियों का सम्मान किया जाता है तथा उन्हें प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान किया जाता है। यह आयोजन भारतवंशियों से संबंधित विषयों और उनकी समस्याओं की चर्चा का मंच भी है। देखा जाए तो प्रवासी भारतीय दुनिया भर में अपनी दक्षता और क्षमता का लोहा मनवा देश की प्रतिष्ठा को गौरवान्वित कर रहे हैं। प्रवासी भारतीयों का अपनी मिट्टी से भावनात्मक लगाव तो है ही साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को गतिमान करने में भी उनका सराहनीय योगदान है।

विश्व बैंक की रिपोर्ट पर नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2022 में ही यह रकम इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि सबसे ज्यादा भेजा जाने वाला धन हासिल करने वाले देशों में दूसरे नंबर के देश मोरक्को के 60 अरब डॉलर और तीसरे नंबर के देश चीन के 51 अरब डॉलर से कहीं ज्यादा अधिक है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक प्रवासी भारतीयों ने 2016 में 62.70 अरब डॉलर, 2017 में 65.30 अरब डॉलर, 2018 में 80 अरब डॉलर भेजे। देखें तो आज की तारीख में प्रवासी भारतीय जितना धन भेज रहे हैं, वह भारत में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लगभग बराबर है। अतीत में जाएं तो प्रवासी भारतीय समुदाय सैकड़ों वर्ष में हुए उत्प्रवास का परिणाम है और इसके पीछे ढेर सारे कारण रहे हैं। उनमें वाणिज्यवाद, उपनिवेशवाद और वैश्वीकरण अहम कारण हैं। आज की तारीख में प्रवासी भारतीय समुदाय एक विविध विजातीय और मिलनसार वैश्विक समुदाय के रूप में तब्दील हो चुका है जो कि विश्व के अनेक देशों में अपनी भाषा, संस्कृति और मान्यताओं का प्रतिनिधित्व कर रहा है।



याद होगा डॉ. लक्ष्मीमल सिंघवी की अध्यक्षता में गठित एक कमेटी ने प्रवासी भारतीयों पर 18 अगस्त 2000 को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। इस रिपोर्ट पर अमल करते हुए तत्कालीन सरकार ने प्रवासी भारतीय दिवस मनाना शुरू किया। इस पहल से प्रवासी भारतीयों का देश से जुड़ाव बढ़ा और वे देश के विकास में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि ज्यादतर लोग उन्नीसवीं शताब्दी में आर्थिक कारणों की वजह से भारत छोड़कर दुनिया के अन्य देशों में गए। इसकी शुरुआत अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया, फिजी और कैरेबियाई देशों से जहां अंग्रेजों को अपने उपनिवेशों में सस्ते मजदूरों की जरुरत थी। बीसवीं शताब्दी के दौरान भारतीयों ने पश्चिमी देशों और खाड़ी के देशों का रुख किया। इसका मुख्य कारण बेहतर जिंदगी की तलाश था।

आज की तारीख में दुनिया का शायद ही कोई देश बचा हो जहां भारतीय न हों। दुनिया भर में फैले प्रवासी भारतीयों पर नजर दौड़ाएं तो दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं। इनमें से लगभग 40 प्रतिशत अकेले केरल से आते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक खाड़ी के देशों में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों में 70 प्रतिशत मेहनतकश लोग हैं। इसके अलावा डॉक्टर, बैंकर, चार्टर्ड अकाउंटेट और शिक्षक जैसे पेशों से भी जुड़े हैं। संयुक्त अरब अमीरात की ही बात करें तो यहां तकरीबन पच्चीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं जो न सिर्फ रोजी-रोटी कमा रहे हैं, बल्कि अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। एक आंकड़ें के मुताबिक संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, ओमान, कुवैत और सउदी अरब में तकरीबन तीन करोड़ भारतीय विभिन्न तरह के काम कर रहे हैं, जो दुनिया भर में फैले तकरीबन सवा सात करोड़ भारतीयों का चैथाई हिस्सा है। अकेले संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे प्रवासी भारतीयों द्वारा 12 अरब डॉलर भारत आता है।

अच्छी बात यह है कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात समेत दुनिया के सभी देश भारतीय कामगारों के लिए मुफीद वातावरण निर्मित करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। चूंकि अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है। लिहाजा यह भारतीय कामगारों के लिए पहली पसंद बना हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात के अलावा खाड़ी के अन्य देशों मसलन ईरान, इराक, कतर में भी प्रवासी भारतीयों की बड़ी तादाद है जो अपने परिश्रम से धन कमाकर अपने घर भारत भेजते हैं। खाड़ी देशों एवं पश्चिम एशिया के अलावा यूरोप और अमेरिकी महाद्वीप में भी बड़ी तादाद में प्रवासी भारतीय रहते हैं। गौर करें तो आज की तारीख में कनाडा प्रवासी भारतीयों की सबसे पहली पसंद बनता जा रहा है। कनाडा में रह रहे भारतीयों द्वारा वहां की नागरिकता हासिल करने वालों की संख्या में पिछले वर्षों के मुकाबले 50 प्रतिशत की भारी-भरकम वृद्धि हुई है। दरअसल इसका मुख्य कारण अक्टूबर 2017 के बाद से कनाडाई नागरिकता हासिल करने संबंधी नियमों में कुछ ढील दी गई है। पहले यहां का स्थायी नागरिक बनने के लिए किसी व्यक्ति को छह से चार साल तक व्यक्तिगत तौर पर कनाडा में निवास करना पड़ता था, लेकिन अब अगर कोई तीन साल व्यक्तिगत तौर पर कनाडा में रहे तो वह वहां का स्थायी नागरिक बनने के लिए आवेदन कर सकता है। दुनिया के सबसे समृद्ध संयुक्त राज्य अमेरिका की बात करें तो यहां अमेरिका की आबादी का तकरीबन 0.6 प्रतिशत प्रवासी भारतीय हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में इन प्रवासी भारतीयों मसलन कारोबारियों और पेशेवरों का बहुत बड़ा योगदान है।

यही नहीं पिछले कुल सालों में ये लोग एक महत्वपूर्ण राजनीतिक ताकत के रूप में भी उभरे हैं। अमेरिका में भले ही बाइडन प्रशासन प्रवासियों के खिलाफ है लेकिन वहां के सांसद और उद्योग जगत के मुखिया इसके पक्ष में नहीं हैं। वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था भारतीय युवाओं के योगदान की अहमियत को भलीभांति समझ रहे हैं। यह सही है कि अमेरिका में सिर्फ 30 लाख ही प्रवासी भारतीय हैं जो कि कुल जनसंख्या का एक प्रतिशत से भी कम है। लेकिन हाईटेक कंपनियों के 8 प्रतिशत संस्थापक भारतीय हैं। 28 प्रतिशत भारतीय अमेरिका में इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपनी दक्षता का लोहा मनवा रहे हैं। सिर्फ पांच प्रतिशत अमेरिकी ही इंजीनियर हैं। अमेरिका में रहने वाले 69.3 प्रतिशत भारतीय प्रबंधन, विज्ञान, व्यापार और कला क्षेत्र से जुड़े हैं। अमेरिकन एजेंसी प्यू की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में भारतीय समुदाय ही सर्वाधिक शिक्षित है और उसका लाभ अमेरिका के साथ-साथ भारत को भी मिल रहा है। इसी तरह दक्षिण-पूर्व एशिया में भी भारी तादाद में प्रवासी भारतीय रहते हैं और प्रतिभा-परिश्रम के बल पर अपना लोहा मनवा रहे हैं। तथ्य यह भी कि हजारों प्रवासी भारतीय अपने देश लौटकर नए-नए स्टार्टअप का इनोवेशन कर स्थानीय स्तर पर रोजगार का अवसर विकसित कर रहे हैं। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे प्रवासी भारतीयों को प्रोत्साहित कर निवेश का नया आयाम गढ़े।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

व्यंग्य

# यहां वहां जहां-तहां मत पूछो कहां कहां दबदबा है



प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार

दबदबा तो आखिर दबदबा है यह चार शब्द है जो चारों तरफ अपना दबदबा कायम रखना चाहता है दबदबा था। दबदबा है। दबदबा रहेगा इस प्रकार से बोलने वाला, कहने वाला, बताने वालो का दबदबा है तभी तो दबदबा वाले इस तरह से बात करके अपना दबदबा कायम रखना चाहता है। वैसे भी देखा जाए तो वर्तमान परिस्थितियों में लिखने वालों का लिखने का दबदबा, छापने वालों का दबदबा, वर्दी धारियों का, काले कोट वाले का, सफेद कोट वाले का दबदबा, साहित्यिक संस्थाओं एवं पुरस्कार प्राप्त करने के लिए वरिष्ठ साहित्यकारों का दबदबा राजनीति करने वालों का दबदबा, कहीं-कहीं नाम - काम का दबदबा , आर्थिक विकास करने वालों का दबदबा, धार्मिक रूप से काम करने वालों का दबदबा, सामाजिक स्तर पर काम करने वालों का दबदबा, अपनी पकड़ मजबूत रखने वालों का दबदबा यह जों चारों तरफ महंगाई की तरह दबदबा दिखाई दे रहा है। कुल मिलाकर अपना दबदबा कायम करने वालों के चलते यह तो कहना पड़ेगा कि चारों तरफ दबदबे की महिमा निराली नजर आ रही है। इस दबदबे के चलते कभी भी, कोई भी, किसी भी समय, कहीं पर भी अपना दबदबा दिखाकर सामने वालों को उसकी औकात बताकर उसकी बात कर देता है और पता ही नहीं चलता है कि यह औकात कब अपनी औकात बता कर सामने वालों को भी उसकी औकात बता देता है दबदबा भी इसी प्रकार से है। यहां वहां जहां-तहां मत पूछो कहां कहां दबदबा है। फर्जी साहित्यकार पीएचडी की यह पैरोडी अचानक याद आ गई।

"दबदबा बनाए रखने वाले क्या तेरे मन में आई कहें को तुने दबदबा वाली रणनीति बनाई।" यह जो साराआधा है यह दबदबा वाला ही है। (सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक इन शब्दों का प्रथम शब्द है) पिछले कई सालों से व्यक्ति, देश, समाज के दबदबे के चलते उस व्यक्ति को जिसका खास दबदबा चलता है उसे सिर पर बैठाने की रस्म वर्तमान में बहुत तेजी से चल रही है अपना स्वार्थ को सिद्ध करने के लिए यह तो फिर भी ठीक है? जहां इन दिनों दबदबे के चलते घृणा और विद्वेष फैलाया जा रहा हो, वहां प्यार और भाईचारे की बात करना महज़ दिखावे के अलावा कुछ नहीं लगता है। दबदबा कहां नहीं है ऐसी कोई जगह नहीं बची है जहां दबदबा नहीं है? अरे साहब दबदबा आज भी कायम है किसी ने कहा है दबदबा एक सतत युद्ध की तरह है, जो लगातार चलता रहता है। दबदबा खत्म करने की बात करना भी शायद एक दबदबा कायम रखना जैसी बात है?

यही आज का सच है और साहब ध्यान दीजिए कि यह दबदबा कितना निर्ममता से भरा है। कोई जिए, कोई मरे, कोई पुरस्कार वापस रहा है, कोई पुरस्कार नदी में बहा रहा है, कोई खेल से संन्यास ले रहा है, कोई रो रहा है कोई भूख, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से मिटा रहा है इन बातों से, इस घटना से किसी को कोई मतलब नहीं बस अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना है। जहां दबदबा के चलते, नाम पर भाईचारे की बात तो की जाती है मगर देश में एकता और भाईचारा होने नहीं दिया जाता है शायद यह एक कड़वा सच के अलावा कुछ नहीं हो सकता है। आजकल दबदबे के चलते धनबल और बाहुबल से कमाई की जा रही है। यह कहना कतई गलत नहीं होगा। दबदबा कायम रखना वालों के खिलाफ कई प्रकार के राजनीतिक तौर पर सामाजिक दृष्टिकोण को देखते हुए आर्थिक रूप से वह धार्मिक भावनाओं से परिपूर्ण रहता है क्योंकि उसके चारों तरफ ऐसा चक्रव्यूह तैयार रहता है जिसको भेट पाना बहुत कठिन होता है इसलिए यदा कदा स्थिति और परिस्थितियों को देखकर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते हैं, लेकिन दबदबों के चलते किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होती। यह आश्चर्यजनक किंतु किसी सत्य से कम नहीं है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
राम कई सदियों से पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। पांच शताब्दियों की जन्मभूमि की गाथा इस पवित्र सभ्यता की भक्ति और लचीलेपन का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन है।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
आत्मा का अंतिम लक्ष्य परमात्मा में मिल जाना होता है।

नॉलेज कॉर्नर: 16 साल की उम्र में 'ब्रेल लिपि' का किया था आविष्कार

# नेत्रहीनों के लिए वरदान बने लुईस ब्रेल

ब्रेल लिपि आंखों से देख न पाने वाले लोगों की भाषा है, जिसका उपयोग वे लिखने पढ़ने के लिए करते हैं। ब्रेल लिपि के अविष्कारक लुईस ब्रेल थे। जन्मजात या किसी अन्य कारण से आंखों का रोशनी खो देने वाले लोगों को समाज के अन्य लोगों के समान स्थान देने और उन्हें शिक्षा व कॅरियर में शारीरिक कमी के कारण वंचित न रहना पड़े, इसी उद्देश्य से लुईस ब्रेल ने ब्रेल लिपि का आविष्कार किया। महज तीन साल की उम्र में उन्होंने चोट लगने के कारण अपनी आंखों की रोशनी गंवा दी थी। इसलिए नेत्रहीनों का दर्द बखूबी समझते थे। इसलिए जैसे-जैसे बड़े हुए नेत्रहीनों की राह आसान करने की ठानी और 16 साल की उम्र में एक ऐसी भाषा का आविष्कार कर डाला। इस बारे में विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## टच कोड लिपि को किया विकसित

आंखों की रोशनी जाने के बाद लुई के बचपन के नौ साल ऐसे ही गुजर गए। वह 10 साल के हुए तो पिता ने पेरिस के एक ब्लाइंड स्कूल में उनका दाखिला करवा दिया। वह पढ़ाई में अव्वल रहे और अपनी अकादमिक प्रतिभा के बल पर उन्हें रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ की स्कॉलरशिप भी मिली। बाद में लुई ब्रेल इसी स्कूल में शिक्षक भी नियुक्त हुए। रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड में पढ़ाई के दौरान नेत्रहीनों की समस्या हल करने के लिए लुई ब्रेल ने एक टच कोड (स्पर्श कोड) विकसित कर लिया, जिससे देखने में अक्षम लोग बिना किसी की मदद के पढ़ाई कर सकें। इसी दौरान उनकी मुलाकात सेना के कैप्टन चार्ल्स बार्बियर से हो गई। उन्होंने भी एक खास लिपि विकसित की थी, जिसे क्रिप्टोग्राफी लिपि कहा जाता था। यह लिपि सेना के काम आती थी। इसकी मदद से रात के अंधेरे में भी सैनिकों को मैसेज पढ़ने में कोई दिक्कत नहीं आती थी।




## 1829 में प्रकाशन

लुई ब्रेल को जब यकीन हो गया कि उनकी बनाई लिपि अब दुनिया के किसी काम आ सकती है तो पहली बार सन् 1824-25 में इसे सबके सामने लेकर आए। इसके बाद और तैयारी की और पहली बार 1829 ईस्वी में इस लिपि की प्रणाली को पब्लिश किया, जिसे बाद में उन्हीं के नाम पर ब्रेल लिपि कहा गया। हालांकि, इसे जब मान्यता मिली, तब तक वह जीवित नहीं थे। लुईस ब्रेल ने कैप्टन बार्बियर की मदद और सेना की क्रिप्टोग्राफी लिपि से प्रेरणा लेकर नई तरकीब ईजाद की, जिसे आज ब्रेल लिपि कहा जाता है।

## अब पूरी दुनिया में मान्य है लिपि

*सिर्फ 43 साल की उम्र में छह जनवरी 1852 को लुई ब्रेल ने दुनिया को अलविदा कह दिया। तब तक उनकी लिपि को मान्यता नहीं दी गई थी। लुई ब्रेल की मौत के 16 साल बाद सन् 1868 ईस्वी में ब्रेल लिपि को प्रमाणिक रूप से मान्य करार दिया गया। तबसे लुई ब्रेल की यह भाषा आज भी पूरी दुनिया में मान्य है।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

## बिहार: सीटों के बंटवारे का पेच सुलझाने के लिए तेज हुई कवायद, टीआर बालू व डी राजा की नीतीश कुमार से मुलाकात

# JDU ने 17 सीटों पर ठोका दावा, कहा-शेष सीटें अन्य दल बांट लें

**एजेंसी** | पटना

बिहार में लोकसभा चुनावों के लिए सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल जनता दल यू ने राज्य में 17 सीटों पर चुनाव लड़ने की अपनी मंशा साफ कर दी है।

वहीं सीटों के बंटवारे को लेकर आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए सोमवार को भाकपा नेता डी. राजा और द्रमुक नेता टीआर बालू ने जदयू प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। ये दोनों ही पार्टियां विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल हैं और समझा जाता है कि दोनों नेताओं ने सीटों के बंटवार को लेकर मंत्रणा की। हालांकि, दोनों नेताओं की ये मुलाकात अलग-अलग हुई। दोनों नेता पटना में सीएम आवास पहुंचे थे।

डीएमके तमिलनाडु में सत्ता में है। माना जा रहा है कि वो सीएम एमके स्टालिन का संदेश लेकर पहुंचे थे। वहीं, भाकपा बिहार में अपने लिए सीट की तलाश में है।

जदयू के वरिष्ठ नेता और महासचिव केसी. त्यागी ने भी सोमवार को फिर दोहराया कि पार्टी ने 2019 में 17 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 16 पर जीत हासिल की थी, जबकि, एक सीट पर वो दूसरे स्थान पर थी। ऐसी स्थिति में, शेष 23 सीटों के लिए राजद, कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट बंटवारे की बातचीत होनी है।







जदयू के एक अन्य वरिष्ठ नेता और बिहार के ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव ने यही बात कही है। उन्होंने कहा है कि जदयू उसकी मौजूदा 16 सीटों पर तो लड़ेगी ही। इस पर कोई समझौता नहीं होगा। इसके बाद बिहार में जो सीट बचती है, उसे राजद, कांग्रेस और वाम पार्टी आपस में बांट लें।विजेंद्र यादव ने कहा कि हमारा समझौता राजद के साथ है। राजद के साथ पहले से कांग्रेस और वामपंथी दल रहे हैं। ऐसे भी 16 सीट के बाद भी 24 सीटें बची हैं, जो कम नहीं है। उन सीटों को अन्य पार्टियां आपस में बांट लें।

### कांग्रेस-राजद ने भी की मंत्रणा

इससे पहले कांग्रेस ने रविवार को राज्य में सीटों के बंटवारे पर राजद के साथ बैठक की। दोनों पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले को लेकर कांग्रेस और राजद के बीच पहली बार बैठक हुई। बैठक खत्म होने के बाद बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि अभी आखिरी फैसला नहीं लिया गया है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पिछले चुनाव में 9 सीटों पर लड़ी थी, लेकिन, मात्र एक सीट किशनगंज उसके खाते में आई थी। कांग्रेस जिन सीटों पर दूसरे स्थान पर रही, वह उसकी ताकतवर सीट हैं। ऐसी कई सीटों पर जदयू के उम्मीदवारों की जीत हुई थी। ऐसे में दोनों दल अपनी शर्तों पर अड़े हैं। वहीं, राजद के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सभी दल अपने दावे को मजबूत करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के हकदार हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि सबकुछ जल्द से जल्द ठीक हो जाएगा।

## मालीवाल, संजय व गुप्ता ने दाखिल किया नामांकन

**नई दिल्ली।** दिल्ली से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए 19 जनवरी को होने वाले चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों संजय सिंह, स्वाति मालीवाल और एनडी गुप्ता ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। संजय सिंह, सुशील कुमार गुप्ता और एन डी गुप्ता का छह साल का कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है। इस बार आप ने सुशील गुप्ता की जगह दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मालीवाल को उम्मीदवार बनाया है। निर्वाचित होने के बाद एनडी गुप्ता और संजय सिंह का दूसरा कार्यकाल होगा। मालीवाल, एनडी गुप्ता और सिंह ने सिविल लाइंस स्थित दिल्ली परिवहन आयुक्त कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया।

## शिवसेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन संभव: अंबेडकर



**पुणे।** वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने कहा है कि महाराष्ट्र में अगर एमवीए सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर मुहर लगाने में विफल रहता है तो शिवसेना(यूबीटी) लोकसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी के साथ गठबंधन कर सकती हैं। शिवसेना(यूबीटी) और वीबीए आगामी लोकसभा चुनाव में 24-24 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं। अंबेडकर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महा विकास अघाड़ी को लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे का फॉर्मूला लाना चाहिए। शिवसेना(यूबीटी) को यह बताना चाहिए कि वह कांग्रेस और शरद पवार नीत राकांपा के साथ गठबंधन में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कोरेगांव भीमा आयोग 1 जनवरी, 2018 की कथित जातीय हिंसा की जांच कर रहा है।

## पीएम ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद

# अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास खुद पहुंच रही है सरकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है और उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए।

पीएम मोदी ने सरकारी योजनाओं की जानकारी रखने के लिए छत्तीसगढ़ की एक आदिवासी महिला की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।पीएम मोदी ने कहा कि इस यात्रा ने अभी दो से तीन दिन पहले ही यात्रा के 50 दिन पूरे किए हैं। इस यात्रा में 11 करोड़ लोग शामिल हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा, हम देश की एक बड़ी आबादी को रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए होने वाले संघर्षों से बाहर निकालना चाहते हैं।

### आदिवासियों के विकास के लिए जताई प्रतिबद्धता




### किसानों को लेकर ये बोले पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छोटे किसानों को मुसीबतों से बाहर निकालने के लिए हम निरंतर काम कर रहे हैं। कृषि में सहकारिता को बढ़ावा देना हमारी इसी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में किसानों और कृषि नीति को लेकर जो चर्चाएं होती हैं, पहले की सरकारों में उनका दायरा भी बहुत सीमित था। किसान के सशक्तीकरण की चर्चा सिर्फ पैदावार और उसकी उपज की बिक्री के इर्दगिर्द ही सीमित रही। जबकि किसान को अपने दैनिक जीवन में भांति-भांति की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए हमारी सरकार ने किसान की हर मुश्किल को आसान करने के लिए चौतरफा प्रयास किए। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से हर किसान को कम से कम 30 हजार रुपए दिए जा चुके हैं।

### नैनो यूरिया के उपयोग की अपील

पीएम ने कहा, मैं देश के किसानों से आग्रह करता हूं कि वे यूरिया और नैनो यूरिया दोनों का उपयोग न करें, जहां भी उपलब्ध हो, नैनो का ही उपयोग करें। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, जब सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ काम करती है तो योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है। इसके बाद भी यदि कोई छूट जाता है तो 'मोदी की गारंटी की गाड़ी' उस तक लाभ पहुंचा देगी।

### कर रहे हैं कृषि ऋण समितियों पर काम

पीएम ने कहा कि सरकार कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है और दो लाख भंडारण इकाइयां बनाने की योजना है। पीएम ने विश्वकर्मा योजना पर कहा कि यह एक जीवन बदलने वाली योजना है जो सभी कलाकारों और शिल्पकारों को आधुनिक उपकरण और प्रौद्योगिकी प्रदान करती है।

## राजनीति की अजब कहानी...

# कुर्सी है तो चरण भी हैं कमल, हटे तो होर्डिंग से फोटो गायब: चौहान



**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने के बाद एक बार फिर दर्द छलक पड़ा है। चौहान ने सोमवार को कहा कि कुर्सी है तो चरण कमल, हटे तो होर्डिंग से फोटो भी गायब।

चौहान राजधानी भोपाल स्थित ब्रह्मकुमारीज सुख शांति भवन के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान चौहान ने कहा कि जीवन में जब हम दूसरों के लिए काम करते हैं, तो जिंदगी आनंद से भर जाती है। अब मुझे राजनीति से हटकर काम करने का मौका भी मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे नेता हैं, जो देश के लिए जीते हैं। उन्होंने कहा कि यहां कई लोग ऐसे भी हैं जो रंग देखते हैं।

मुख्यमंत्री हैं तो भाई साहब, आपके चरण तो कमल के समान हैं, कर कमल हो जाते हैं। पद से हटे तो होर्डिंग के फोटो ऐसे गायब होते हैं, जैसे गधे के सिर से सींग।

### बजाएं ढोल ताशे, कोई रोकेगा तो देख लूंगा

मामा के नाम से मशहूर चौहान का एक और बयान तेजी से वायरल हो रहा है। इस बयान शिवराज सिंह बैंड, ढोल, ताशे वालों को आश्वासन देते हुए नजर आ रहे हैं, जहां उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है कि बजाओ कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा। दरअसल पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान बुधनी विधानसभा के दौरे पर थे। इस दौरान बैंड-ढोल-ताशे वालों ने चौहान को ज्ञापन सौंपकर गुहार लगाई थी। जिस पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आप ढोल बजाएं, ताशे बजाएं, कोई रोक नहीं है, कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा।

## तेलंगाना: भाजपा ने विधायकों को सौंपा जिम्मा

# असदुद्दीन ओवैसी की सीट पर टी राजा सिंह भाजपा के प्रभारी

**एजेंसी** | हैदराबाद

कांग्रेस की तरफ लोकसभा प्रभारियों की नियुक्ति के बाद भाजपा ने तेलंगाना में लोकसभा क्षेत्रों के प्रभारियों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारी तेज करते हुए ने राज्य के सभी आठ पार्टी विधायकों को भी विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने प्रभारियों की नियुक्तियां कीं हैं। पार्टी ने हैदराबाद सीट का



प्रभार अपने फायरब्रांड नेता और विधायक टी राजा सिंह को सौंपा है। हैदराबाद सीट से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन औवेसी सांसद हैं। 2023 के आखिर में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को जीत मिली थी, तो वहीं भाजपा ने राज्य में एआईएमआईएम को पीछे छोड़कर आठ सीटों पर जीत हासिल की थी। तेलंगाना में लोकसभा की कुल 17 सीटें हैं। भाजपा ने तेलंगाना विधानसभा चुनावों से ठीक पहले टी राजा सिंह का निलंबन रद्द कर दिया गया था। टी राजा सिंह ने हैदराबाद लोकसभा में आने वाली गोशामहल सीट से तीन बार जीत हासिल की है। पार्टी के राज्यसभा सदस्य के लक्ष्मण सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है।

## विधायकों की अयोग्यता पर फैसला कल

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कई अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर अपना फैसला 10 जनवरी को सुनाएंगे।

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधायकों की बगावत के चलते जून 2022 में शिवसेना विभाजित हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाने की समय-सीमा 31 दिसंबर, 2023 तय की थी, लेकिन उससे कुछ दिन पहले 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने अवधि को 10 दिन बढ़ाकर फैसला सुनाने के लिए 10 जनवरी की नई तारीख तय की थी।

## मायावती व अखिलेश में जुबानी जंग जारी

# अब फ्लाईओवर को लेकर भिड़े

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती के बीच विपक्षी गठबंधन को लेकर जारी जुबानी जंग थमने को नाम नहीं ले रही है। इन नेताओं के बीच वार-पलटवार का यह सिलसिला बसपा को विपक्षी गठबंधन में शामिल करने को लेकर शुरू हुई चर्चाओं के बीच जारी है। मायावती ने सोमवार को एक बार फिर सपा प्रमुख पर प्रहार करते हुए यहां तक कह दिया कि सपा के कार्यकाल में बनाए गए एक पुल की वजह से उनकी पार्टी की राज्य इकाई के कार्यालय की सुरक्षा






खतरे में पड़ गई है। मायावती द्वारा सोशल मीडिया साइट एक्स पर की इस पोस्ट के बार में जब अखिलेश से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के ट्वीट हम पढ़ते ही नहीं हैं।

अखिलेश ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा है कि सपा शासन में लखनऊ में बसपा कार्यालय के सामने बने फ्लाईओवर से मायावती को खतरा है तो वे केंद्र को पत्र लिखकर इसे बुलडोजर से ध्वस्त करा दें। बसपा विपक्षी गठबंधन में शामिल करने को लेकर अखिलेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में इस तरह की कोई बात होती तो उनकी जानकारी में जरूर होती। गठबंधन को कमजोर करने के लिए भाजपा चारों तरफ से आक्रमण कर रही है।

## कांग्रेस-आम आदमी पार्टी की बैठक

# सीटों के बंटवारे पर हुई मंत्रणा, कहा- फिर मिलेंगे और आगे बात करेंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों के साथ कांग्रेस ने मंत्रणा शुरुआत आम आदमी पार्टी के साथ बैठक से की। इस दौरान दोनों पार्टियों की ओर से सीट बंटवारे और चनावी मुद्दों पर चर्चा की गई।

दोनों पार्टियों के बीच खासकर पंजाब और दिल्ली की सीटों को लेकर मंत्रणा हुई। इन दोनों ही राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकार है। सीटों के बंटवारे को लेकर अंतिम फैसला लेना अभी बाकी है बैठक के बाद कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने प्रतिनिधियों को बैठक के लिए भेजा। दो से ढाई घंटे चर्चा हुई। बड़े अच्छे माहौल में चर्चा हुई है। हमने आगामी चुनावों के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की। हर चीज पर विस्तार से चर्चा हुई। बातचीत जारी रहेगी और कुछ दिनों में हम फिर मिलेंगे।

उसके बाद ही सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। हम एक साथ चुनाव लड़ेंगे और हम भाजपा को करारा जवाब देंगे। वासनिक ने कहा, क्या चर्चा हुई उस पर टिप्पणी नहीं कर सकते। थोड़ा इंतज़ार करिए। पूरी जानकारी देंगे। दोनों ही पार्टी इस गठबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



### पूर्व सीएम अशोक गहलोत समेत कई दिग्गज नेता मौजूद थे बैठक में

बैठक में आप की ओर से राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी और विधायक सौरभ भारद्वाज शामिल हुए। कांग्रेस की ओर से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मुकुल वासनिक, दिल्ली कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली, पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी मौजूद थे।

### कांग्रेस का इन पार्टियों से है चुनाव पूर्व गठबंधन

कांग्रेस का तमिलनाडु में द्रमुक, बिहार में राजद और जनता दल (यू), झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा और असम में अन्य पार्टियों के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन है, लेकिन प्रमुख राज्यों में कुछ मुख्य दलों के साथ उसका कोई गठबंधन नहीं है। इनमें से सबसे अधिक गतिरोध वाले राज्यों में केरल, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और पंजाब शामिल हैं, जहां 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट-बंटवारे में कठिनाई को पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने स्वीकार किया है।

### हरियाणा में 'आप' चाहती है पांच सीट

आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में लोकसभा की पांच सीटों पर आप का दावा है। उन्होंने अपने पार्टी आला कमान से गठबंधन में हरियाणा में पांच सीटों की मांग के लिए आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का तो अभी संगठन भी नहीं बना है, हम बूथ स्तर पर संगठन बना चुके हैं। 28 जनवरी को जिंद में हमारे राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री आ रहे हैं। 28 जनवरी को हमारी कोशिश है कि हर वार्ड हर वर्ग के लोग जिंद पहुंचें। गुप्ता ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी इस देश में लोकतंत्र को खत्म करने का सोच रही है।

## जरूरी खबर

### गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगी महिला अग्निवीर



**नई दिल्ली।** महिला अग्निवीर वायु सैनिक इस साल के गणतंत्र दिवस परेड के लिए वायु सेना दल का हिस्सा होंगी। इसके अलावा रक्षा बलों की दो महिला टुकड़ियों के मार्च करने का भी कार्यक्रम है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, 144 कर्मियों सहित एक टुकड़ी में सभी महिला सैनिक मौजूद होंगी, जिनमें 60 सेना से और शेष भारतीय वायु सेना और नौसेना से रहेंगी। वहीं, एक अन्य महिला दल सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशालय से होगा, जिसमें सैन्य नर्सिंग सेवाओं की नर्सें शामिल होंगी और परेड में उनका नेतृत्व महिला डॉक्टर करेंगी। इस साल 2,274 एनसीसी कैडेट गणतंत्र दिवस शिविर में हिस्सा ले रहे हैं।

### SC के फैसले का कई विपक्षी नेताओं ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** बिलकिस बानो मामले में सोमवार को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विपक्ष के कई नेताओं ने स्वागत किया है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि अंततः न्याय की जीत हुई है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर पोस्ट में यह बात कही। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर देश को बता दिया कि 'अपराधियों का संरक्षक' कौन है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा पर निशाना साधा है।

### पुणे सीट के लिए तत्काल उप चुनाव के आदेश पर रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट के एक आदेश पर रोक लगा दी। दरअसल बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने आदेश में चुनाव आयोग को पुणे लोकसभा सीट पर तुरंत उपचुनाव कराने का निर्देश दिया था। सांसद गिरीश बापट के निधन के कारण 29 मार्च 2023 से खाली है। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। आयोग ने अपनी याचिका में कहा कि मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को खत्म हो रहा है, ऐसे में अब इस समय उपचुनाव कराने का कोई मतलब नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी लेकिन उपचुनाव में हुई देरी को लेकर भी सवाल किया।

## गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण



*नई दिल्ली। वायुसेना अध्यक्ष एयरचीफ मार्शल वी आर चौधरी ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित दिल्ली कैंट में आयोजित एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते वायुसेना अध्यक्ष चौधरी।*

### मोदी ने हसीना को दी प्रचंड जीत पर बधाई




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को आम चुनाव में उनकी पार्टी की प्रचंड जीत पर बधाई दी है। साथ ही कहा है कि भारत, बांग्लादेश के साथ अपनी स्थायी और लोगों की भलाई पर आधारित साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम शेख हसीना ने भी जीत के बाद भारत को धनिष्ट मित्र बताया था और कहा था कि दोनों पड़ोसियों ने द्विपक्षीय रूप से कई समस्याओं का समाधान किया है। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री शेख हसीना से बात की और संसदीय चुनावों में लगातार चौथी बार ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी। मैं बांग्लादेश के लोगों को भी सफल चुनाव के लिए बधाई देता हूं।

## विजन 2047: देश में कनेक्टिविटी में सुधार के लिए बड़ी पहल

# हाई वे के लिए नया मेगा प्लान भारतमाला की लेगा जगह

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में मेगा राजमार्ग निर्माण का एक नया कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी पूरी हो गई है। यह कार्यक्रम पीएम नरेंद्र मोदी की राजग सरकार के 2047 विजन के अनुरूप होगा। यह कार्यक्रम भारतमाला परियोजना की जगह लेगा और इसका लक्ष्य देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार करना है। प्रस्तावित कार्यक्रम राष्ट्रीय महत्व की सड़कों की पहचान के लिए स्पष्ट मानदंड स्थापित करेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने एक अंग्रेजी दैनिक को बताया कि भविष्य की परियोजनाओं को इस नई योजना के तहत समाहित किया जाएगा, जो भारतमाला से अलग होगी। इस नए प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए सड़क निर्माण




### इस वित्तीय वर्ष के कॉन्ट्रैक्ट करेंगे BOT पालन

इस वित्तीय वर्ष में दिए गए शेष नेशनल हाईवे के कॉन्ट्रैक्ट बिल्ड ऑपरेट ट्रांसफर (बीओटी) मॉडल का पालन करेंगे। जिसमें सरकार से न्यूनतम फाइनेंशियल आउटफ्लो (वित्तीय बहिर्वाह) की जरूरत होती है। अधिकारियों का कहना है कि इसका उद्देश्य बेहतर परियोजना कार्यान्वयन और उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए कानून को मजबूत करना है।

अनुबंधों से जुड़े अनुबंध विवादों और मुकदमेबाजी को कम करने के लिए मॉडल रियायत समझौते में संशोधन किए जा रहे हैं।

### 50 लाख तक के दावों वाले विवादों पर मध्यस्थता नहीं होगी जरूरी

योजना के मुताबिक, 50 लाख रुपए तक के दावों वाले विवादों के लिए मध्यस्थता जरूरी नहीं होगी। ज्यादा राशि वाले मामलों में न तो सरकार और न ही ठेकेदार किसी पूर्व-संदर्भ या लंबित ब्याज के हकदार होंगे। रियायत अवधि के दौरान बीमा, जो परियोजना की नाकामियों के लिए क्षतिपूर्ति करता है, में संयुक्त लाभार्थियों के रूप में सरकारी एजेंसियों को शामिल किया जाना चाहिए।

### क्या है भारतमाला योजना

- अक्टूबर 2017 में हुई थी लॉन्च
- 74,942 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण करना है लक्ष्य
- 34,800 किमी सड़कों के विकास को मंजूरी दी गई पहले चरण में सितंबर 2022 तक
- 5.35 लाख करोड़ रुपए का निवेश शामिल
- 27,384 किमी हाईवे के कॉन्ट्रैक्ट दिए जा चुके हैं अब तक
- 15,045 किलोमीटर है अब तक निर्मित लंबाई

## कृष्णा गोदावरी बेसिन में निकला तेल

# मई या जून तक शुरू हो सकता है तेल का उत्पादन

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देश में नई तेल खोज की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री ने सोमवार को कहा, कृष्णा-गोदावरी बेसिन में काकीनाडा के तट से 30 किलोमीटर दूर रविवार को पहली बार तेल निकाला गया था। 2016-17 में इस पर काम शुरू हुआ था हालांकि, फिर कोविड के कारण कुछ देरी हुई। पुरी ने कहा कि वहां 26 कुओं में से 4 कुएं पहले से ही चालू हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास न केवल बहुत कम समय में गैस होगी, बल्कि उम्मीद है कि मई-जून तक, हम प्रति दिन 45,000 बैरल तेल का उत्पादन करने में सक्षम हो जाएंगे। यह उत्पादन हमारे देश के कुल कच्चे तेल के उत्पादन का 7 प्रतिशत और हमारे गैस उत्पादन का 7 प्रतिशत होगा।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ओएनजीसी ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कंपनी ने 7 जनवरी 2024 को कृष्णा गोदावरी डीप-वाटर ब्लॉक 98/2 (बंगाल की खाड़ी में) से पहली बार एफपीएसओ के लिए तेल निकालता शुरू किया जो परियोजना के चरण-2 के पूरा होने के करीब है।



तेल और गैस उत्पादन के लिए चरण-3 पहले से ही चल रहा है और जून 2024 में इसके समाप्त होने की संभावना है। 98/2 परियोजना से ओएनजीसी के कुल तेल और गैस उत्पादन में क्रमशः 11 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। ओएनजीसी ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी डीप-वाटर ब्लॉक 98/2 से 'पहला तेल' उत्पादन शुरू कर दिया है।

## दिल्ली पुलिस की पूछताछ में आतंकी ने कबूला

# आईएसआईएस की गुजरात को दहलाने की थी साजिश

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की हिरासत में मौजूद इस्लामिक स्टेट के आतंकवादी शाहनवाज आलम ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस की पूछताछ में शाहनवाज ने बताया है कि इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) गुजरात में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहा था।

गुजरात को बम धमाकों से दहलाने की योजना बनाई गई थी। उसने यह भी कहा कि गुजरात



के कई शहर आईएसआईएस के निशाने पर थे। पूछताछ में उसने बताया कि गोधरा दंगों का बदला लेने के लिए आतंकी हमला किया जाना था। शाहनवाज ने बताया कि अपने हैंडलर अबु सुलेमान के कहने पर दो आतंकियों ने अहमदाबाद, वडोदरा और सूरत की घेराबंदी करने का फैसला किया। आईएस को मालूम है कि गुजरात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गृह राज्य है, इसलिए ये एक प्रमुख क्षेत्र है। आतंकी शाहनवाज को पिछले साल अक्टूबर में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके सिर पर पांच लाख रुपये का ईनाम था।

### मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर: भूमि अधिग्रहण पूरा

**अहमदाबाद।** नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा है कि उसने बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए 100 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण कर लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर कहा कि परियोजना के लिए आवश्यक 1389.49 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच हाई स्पीड रेल लाइन बनाई जा रही है। भूमि अधिग्रहण पूरा होने से अब परियोजना के काम में गति आने की उम्मीद है। इससे बुलेट ट्रेन का मार्ग प्रशस्त होगा।

## हंगरी की संसदीय समिति भारत के दौरे पर



*नई दिल्ली। हंगरी की संसद की विदेश मामलों की समिति भारत के दौरे पर है। समिति के अध्यक्ष जसोल्ट नेमेथ ने सोमवार को नई दिल्ली में राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश से मुलाकात की।*

## राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह


# तैयारियों में डूबा अयोध्या: भूतल के लिए स्वर्ण मंडित हो रहे हैं दरवाजे

एजेंसी | अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों में जुटा है। निर्माणाधीन राम मंदिर का भूतल पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है और अब इसमें दरवाजे लगाने का काम जल्द शुरू होने वाला है। राम मंदिर में स्वर्ण जड़ित दरवाजे लगेंगे। भूतल के लिए बने दरवाजों का पिछले माह हुए ट्रायल किया गया। सभी दरवाजों को मंदिर में लगाकर देखा गया है।

इसके बाद इन पर तांबे का पत्तर चढ़ाया गया। अब इनको सोने की परत चढ़ाने के लिए इन्हें दिल्ली भेजा गया है। इनके स्वर्ण मंडित होते ही भूतल के दरवाजे लगाने का काम शुरू हो जाएगा। राम मंदिर के गर्भगृह परिसर में 46 दरवाजे होंगे, जिनमें से भूतल पर 18 दरवाजे होंगे जिन पर सोना चढ़ाया जाएगा। श्रद्धालु जब मंदिर में प्रवेश करेंगे तो सबसे पहले उन्हें ये स्वर्ण जड़ित दरवाजे ही दिखाई देंगे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाली है।

ये दरवाजे रामसेवकपुरम में स्थापित कार्यशाला में आधुनिक तकनीक से तैयार किए गए हैं। इन पर खूबसूरत डिजाइन और देवी-देवाताओं की आकृतियां उकेरी गई हैं। हैदराबाद की एक कंपनी मंदिर के लिए 4 दर्जन से अधिक दरवाजों का निर्माण कर रही है। कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर शरत बाबू ने बताया कि अयोध्या में ही वर्कशॉप स्थापित कर बारीकी से दरवाजे बनाए जा रहे हैं। दरवाजों का निर्माण महाराष्ट्र से लाई गई सागौन की लकड़ी से किया जा रहा है। दरवाजे बनाने के लिए गत वर्ष जून में स्थापित वर्कशॉप में करीब 60 दक्षिण भारतीय और स्थानीय कारीगर-कर्मचारी इस काम में लगे हैं। शरत बाबू ने बताया कि उनका परिवार तीन पीढ़ियों से इसी व्यवसाय में है। दक्षिण के मशहूर यदाद्रि मंदिर व इसके परिसर के मंदिरों के लिए खूबसूरत डिजाइन उकेरकर एक हजार दरवाजों का निर्माण किया है।



### कर्नाटक के 34 हजार मंदिरों में 22 को होगी विशेष पूजा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन राज्य राज्य के 34 हजार मंदिरों में विशेष पूजा आयोजित करने का आदेश दिया गया है। राज्य के मंत्री रामालिंगा रेड्डी ने बताया है कि सरकार ने इस आशय का एक सर्कुलर जारी किया है। सरकार के इस फैसले पर भाजपा ने भी खुशी जताई है और तंज कसते हुए कहा है कि सरकार को सदबुद्धि आ गई है। दरअसल बीते दिनों कर्नाटक पुलिस ने साल 1992 में रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान हुए दंगे के मामले में एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया था। भाजपा ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले कार्यकर्ता की गिरफ्तारी को बदले की राजनीति से प्रेरित बताते हुए तीखा हमला बोला था।

### शिवकुमार ने किया सरकार के फैसले का बचाव

इस बीच, राज्य के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सरकार के फैसले का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि आखिरकार हम सभी हिंदू ही हैं। केरल दौरे पर पहुंचे डीके शिवकुमार ने सरकार के फैसले का बचाव करते हुए सोमवार को कहा, देखिए, आखिरकार हम सभी हिंदू हैं। यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस आलाकमान ने अयोध्या में आयोजित समारोह में नहीं जाने का फैसला क्यों किया? इस पर उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार पिक-एंड-चूज पद्धति अपना रही है। यह सरकार तय कर रही है कि कार्यक्रम में किसे शामिल होना चाहिए। राम मंदिर कोई निजी संपत्ति नहीं है। शिवकुमार रामचंद्रन फाउंडेशन पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए केरल पहुंचे हैं।

## जवान, गदर-2, टाइगर-3 और पठान जैसी ब्लॉक बस्टर फिल्मों का जुनून

# अनमिसेबल हिट फिल्म फेस्ट से जयपुराइट्स में लौटा जोश

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुराइट्स एक बार फिर से अपने चेहते बॉलीवुड स्टार्स को बड़े पर्दे पर देख पाएंगे। ऐसे में लास्ट ईयर जो मूवीज जयपुराइट्स देखने से वंचित रह गए वे अब अनमिसेबल हिट्स फिल्म फेस्टिवल में उनको एंजॉय कर रहे हैं। ये पहल पीवीआर आइनॉक्स ने शुरू की और अनमिसेबल हिट्स उत्सव शुरू किया। फिल्म फेस्टिवल फिल्मों के शौकी गुलाबी नगरी के हर उम्र के लोगों के लिए खास है। फेस्टिवल में 2023 में आई सुपर हिट मूवीज को लेकर आया गया है। फेस्टिवल का हिस्सा बनने के लिए पठान, टाइगर-3, जवान और गदर-2 जैसी मूवीज को शामिल किया गया है। मूवीज को फिर से पर्दे पर लेकर लाया गया है, जिससे जो लोग देखने से रह गए थे उनको खुशी मिलेगी।




### देश भर के 60 सिनेमाघर शामिल

फेस्टिवल यूं तो पूरे देश में मनाया जा रहा है, लेकिन जयपुर उन चुनिंदा शहरों में शुमार है, जहां फेस्ट के तहत ब्लॉकबस्टर मूवीज को लेकर आया गया है। इस दौरान मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, पुणे, गोवा, बैंगुलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, इंदौर, लखनऊ के बीच गुलाबी नगरी शामिल है। ऐसे में 20 अन्य शहरों के 60 सिनेमाघरों को फेस्ट के लिए तैयार कर उत्सव मनाया जा रहा है।



### नए साल में 2023 का जोश

पीवीआर आइनॉक्स को-सीईओ गौरत दत्ता ने बताया, कि पठान और गदर जैसी मूवीज जयपुराइट्स के साथ देश भर में पसंद की गई और इनको बार-बार देखा जा सकता है। ऐसे में फेस्टिवल के जरिए 2023 का जोश फिर से शहरों में लाया गया है। क्योंकि फेस्ट सिनेमा की उत्कृष्टता व मनोरंजन का जश्न है। ऐसे में फेस्ट से लास्ट ईयर के जोश को फिर से दिखाया और लोगों में जगाया गया।



## 6 पुस्तकों का किया विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** सम्पर्क साहित्यिक संस्थान के 6 वर्ष पूरे होने पर वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर साहित्यश्री व सम्पर्कश्री सम्मान के साथ 6 पुस्तकों का विमोचन और काव्य सरिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हिमांकनी गौड़ (जिला व सत्र न्यायाधीश), डॉ. राजेश कुमार व्यास, कनिष्क शर्मा, डॉ. अखिल शुक्ला, आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने संपर्क कार्यों की जानकारी दी। समन्वयक महासचिव रेनू शब्दमुखर ने सम्पर्क की 6 वर्ष की साहित्य यात्रा को साझा किया। जोधपुर निवासी अर्चना त्यागी द्वारा लिखित सपने में आना मां का विमोचन किया गया। अर्चना त्यागी का पहला एकल लघुकथा संग्रह "सपने में आना मां' में 38 लघुकथाएं हैं।

## डॉक्टर्स ने बांटे कंबल



**बेधड़क. जयपुर।** जेके लोन हॉस्पिटल के बाहर ठिठुर रहे लोगों को डॉक्टर्स सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से कंबल वितरित किए गए। डॉ. शिवराज सिंह राठौड़, डॉ. राजीव वशिष्ठ, डॉ. अनुराग शर्मा ने फुटपाथ पर सोते लोगों कंबल दिए। इस मौके पर डॉक्टर्स ने कहा, कि सिर्फ हॉस्पिटल में ही नहीं, बल्कि हॉस्पिटल के बाहर भी सबकी सेहत का ख्याल रखना हमारा कर्तव्य है। ऐसे में जरूरतमंदों की सभी को मदद करनी चाहिए।

## टीम-10 ट्री ने किया पौधरापेण




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर की पर्यावरण रक्षक संस्था टीम-10 ट्री एम्बुलेंस सोसायटी के साढ़े नौ साल पूरे हुए। इस मौके पर फाउंडर्स और मैंबर्स ने जश्न मनाते हुए पौधरापेण कार्यक्रम आयोजित किया और कई पौधे रोपे। साथ ही शहर को ग्रीन और क्लीन बनाने का संकल्प लिया। सभी मैंबर्स ने वादा किया, कि वे साल भर पौधों की रक्षा करेंगे और ज्यादा से ज्यादा प्लांटेशन करते हुए साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे। गौरतलब है, कि टीम-10 रोजाना विधाधर नगर और शहर को ग्रीन बनाने के लिए काम करती है। साथ ही श्रमदान करते हुए सफाई अभियान चलाती है।

## City इवेंट्स

### स्कवैश खिलाड़ी और कोच सुरभि का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** श्री माथुर चतुर्वेदी युवा सभा जयपुर की ओर से संस्कार शिविर और स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी और अंशुमान चतुर्वेदी ने बताया कि पहले सत्र में कार्यशाला में सीमा, अपूर्वा और पूनम चतुर्वेदी ने बच्चों को गुड टच और बेड टच की जानकारी दी। समारोह के दौरान गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें आद्या, देवयानी और गीता चतुर्वेदी ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान स्कवैश खिलाड़ी और कोच सुरभि मिश्रा का सम्मान किया गया। साथ ही सामुहिक पौषबड़ा और भोजन प्रसादी आयोजित की गई। कार्यक्रम में श्याम, अनन्त, इन्दु प्रकाश और संजय चतुर्वेदी आदि ने विचार रखे।

### स्कूलों में चलाया स्वच्छता अभियान



**बेधड़क. जयपुर।** अक्षय पात्र संस्था के स्टाफ ने गवर्नमेंट स्कूल में जाकर श्रमदान किया। आयोजन सरकारी स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्णय के तहत हुआ, जिसमें अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा राजस्थान में जयपुर सहित सभी 9 ब्रांच अजमेर, जोधपुर, बांरा, नाथद्वारा, झालावाड़, भीलवाड़ा, बीकानेर, चित्तौडग़ढ़ में स्कूलों में सफाई कर श्रमदान किया। संस्था उप्पाध्यक्ष रघुपति दास ने बताया, कि अभियान के दौरान संस्था के लगभग 950 कर्मचारियों ने अलग-अलग स्कूलों में श्रमदान किया।

### देवस्थान मंत्री ने गोशाला में किया गो पूजन



**बेधड़क. जयपुर।** पशु पालन व डेयरी गोपालन देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत मंदिर प्रशासन की ओर से अराध्य देव की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही उन्होंने गो पूजन के साथ श्रीपिंजरापोल गोशाला का भ्रमण किया। गोशाला समिति के महामंत्री शिवरतन चितलांगिया व सदस्य राधेश्याम विजयवर्गीय, हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसायटी की सचिव मोनिका गुप्ता व भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता, मोदी आर्मी सेना प्रदेश अध्यक्ष नीरज शर्मा ने कुमावत का सम्मान किया।

## जवाहर कला केंद्र में आयोजित होगा 7वां सीजन

# 'जयपुर कला महोत्सव' देश की महिला शक्ति को समर्पित





**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश और शहर महिलाओं के अनूठे क्रिएशन के साक्षी बनेंगे। साथ ही महिलाओं को सम्मान दिया जाएगा और पूरा प्रोग्राम उनको डेडिकेट रहेगा। इसके लिए शहर का चर्चित अखिल भारतीय कला महोत्सव 'जयपुर कला महोत्सव' का 7वां सीजन जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आयोजित किया जाएगा। 24 से 28 जनवरी तक आयोजित होने वाले महोत्सव में इस बार देश के कई नामी चित्रकार, मूर्तिकार और इंस्टालेशन कलाकार 5 दिन तक हुनर का जीवंत प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अपनी-अपनी कलाकृतियां सजाएंगे। इस बार का मेला देश की महिला शक्ति को समर्पित होगा।

यहां प्रदर्शित होने वाली कलाकृतियों में 80 प्रतिशत कलाकृतियां महिला कलाकारों की होंगी। राजस्थान यूनिवर्सिटी फाइन आर्ट डिपार्टमेंट व प्रतिभा एजुकेशनल डेवलपमेंट रिसर्च सोसायटी के तत्वावधान में होने वाले उत्सव में फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट डिपार्टमेंट के एचओडी रजत पंडेल और कला मेला संयोजक बी. एम. चांदना का सहयोग होगा। महोत्सव में लगभग 150 बूथ होंगे। मेले में देश के कई प्रांतों के कलाकार पेंटिंग, स्कल्पचर, पोटरी, टेक्सटाईल, फोटोग्राफी, पेपेरमैशी, जूलरी, मैटल क्राफ्ट, आर्कीटेक्चर, वुड क्राफ्ट और इंस्टालेशन कलाओं में हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

## राजस्थान उत्तराखंड सभा जयपुर ने लगाए कैंप

# 500 जरूरतमंद परिवारों को कंबल और वस्त्र किए वितरित




**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान उत्तराखंड सभा राजस्थान प्रदेश की ओर से शीतलहर (ठंड) को देखते हुए जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभा पदाधिकारियों के सहयोग से वाड़ी नदी कालवाड़ रोड और मांचवा के पास बस्ती में 2 कैंप लगाए गए और करीब 500 परिवारों के बच्चों, महिलाओं और बुर्जुगों को गर्म कपड़े, जैकेट, स्वेटर, कंबल और खाने-पीने के सामान का वितरण किया गया। सभा महासचिव एडवोकेट प्रहलाद सिंह अधिकारी ने बताया कि सभा का सलोगन सहयोग, सेवा और समर्पण है।

इसी भावना से सभा के पदाधिकारियों के सहयोग से मानव सेवा के कार्य किए जाते हैं। इसके तहत असहाय, पीड़ितों, जरूरतमंदों की सेवा करते हैं। प्रदेश महिला महासचिव बीना पंत ने बताया कि जनवरी में 2-3 और वस्त्र वितरण कैम्प लगाए जाएंगे, जिसमें रोड साइड, मंदिरों के बाहर, स्टेशनों में खुल्ले में रहने वाले लोगों के बीच जाकर वस्त्र दान किया जाएगा। कार्यक्रम में सभा पदाधिकारी आनन्द पांडे, गोदावरी कांडपाल, रीता पांडे, कान्ता सिंह कोरंगा, कुलदीप सिंह नेगी, दया कृष्ण कांडपाल, कला रावत खोलिया, दीपा बोहरा, नवीन जोशी, आरती ढोंढियाल, निर्मल पड़लिया, त्रिलोक बोहरा, गणेश रावत एवं साथी सदस्य शामिल रहे।

**शख्सियत** | यूरोपियन कंट्रीज में बढ़ाया जयपुर का मान और पाए कई सम्मान

# कला फलक पर जयपुर के राव, निशुल्क दे रहे शिक्षा



**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी का कला फलक जवाहर कला केंद्र हो या फिर सात समंदर पार विदेशी धरती या फिर हो प्रदेश के दूर-दराज के जिले, हर कहीं कला की छाप छोड़ी तो जरूरतमंदों को निःशुल्क सिखाया भी। टैलेंट को सराहा और पैसे नहीं होने पर फीस तक नहीं ली। यही कारण है कि कई सम्मान उनको मिले जो उनकी जीवन की पूंजी हैं। ये हैं कथक और लोक नृत्य के साथ सिंगिंग में पहचान रखने वाले पंडित राजेंद्र राव, जिन्होंने हाल ही में जयपुर में टैलेंट को निखारा और निःशुल्क सोच से कथक को आगे बढ़ाया। पिछले 35 साल से वे कथक, सिंगिंग और लोक नृत्य को आगे बढ़ा रहे हैं। पिंक सिटी प्रेस क्लब, जवाहर कला केंद्र और अन्य जगहों पर वे वर्षों से टैलेंट को निखा रहे हैं। इसमें से कई ऐसे हैं, जिनसे वे कोई शुल्क नहीं लेते हैं।

### सभी के लिए निशुल्क शिक्षा

उन्होंने बताया, टैलेंट हो और सीखने की ललक हो तो कोई भी मेरे पास आकर नि:शुल्क कथक, सिंगिंग व फोक डांस सीख सकता है। इसके लिए कोई चार्ज नहीं लिया जाता है।

### बच्चों को कला की शिक्षा दी

राव के दो लड़कों को भी उन्होंने कला की शिक्षा दिलाई है ताकि ये कला जयपुर में जिंदा रह सके। एक बेटे को हेल्थ प्रॉब्लम्स होने के बाद भी उसने इस कला को आगे बढ़ाया। अब पूरा परिवार मिलकर कथक और लोक नृत्यों के साथ क्लासिकल को आगे लेकर जा रहे हैं।

### 1600 चक्कर का रिकॉर्ड

उनकी शिष्या ने 1600 चक्कर नॉन स्टॉप लगाकर ऑन लाइन रिकॉर्ड बनाया। राव के साथ 3 पद नृत्य कर रहे हैं। साथ ही तीन पीढ़ी कई मंचों पर एक साथ प्रस्तुतियां दे रही हैं। उन्होंने बताया, कि विख्यात गुरु पंडित गिरधारी महाराज से गुरु शिष्य परंपरा के तहत नृत्य की शिक्षा ली है। बड़े भाई भंवर लाल राव से तबले की शिक्षा ली।

### विरासत में मिली कला

भवाई नृत्य 45 घंटे में, 40 घंटे में, 35 घंटे में और 30 घंटे में प्रति दिन में सिखाकर भी अनूठे रिकॉर्ड बनाए हैं। उन्होंने बताया कि कला विरासत में मिली है। इसके बाद यूरोप के कई देशों में जयपुर का मान बढ़ाया। हर साल प्रेस क्लब में लगने वाले अभिरूचि शिविर में भी वर्षों से कला की बारीकियां सीखा रहे हैं।

जो पौधे संभाल कर रखे जाते हैं, वे कभी वृक्ष नहीं बनते।
विनायक शर्मा,
फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## अमेरिका में बलूचों ने किया पाकिस्तान के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन




*वाशिंगटन। बलूचिस्तान के लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ व्हाइट हाउस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हम पिछले 75 वर्षों से पाकिस्तान द्वारा बलूचिस्तान पर किए जा रहे अत्याचारों का विरोध कर रहे हैं। हम उन बलूच परिवारों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिनका अपहरण कर लिया गया था और वे लापता हैं। उनका कहना था कि पिछले 75 सालों से पाकिस्तान ने बलूचिस्तान पर जबरदस्ती कब्जा कर रखा है।*

# इजराइली हमले में मारा गया हिजबुल्लाह का कमांडर

## दक्षिणी लेबनान में 130 से अधिक लड़ाकों की मौत

**एजेंसी** | बेरूत

इजराइल और हमास के बीच तीन माह से जारी युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों के बीच जारी संघर्ष में अब तक 23 हजार से अधिक लोगों की मौत हुई है, जबकि 60 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस बीच, इजराइल ने दक्षिण लेबनान पर हमला किया, जिसमें हिजबुल्लाह के एक कमांडर की मौत हो गई।

अल जजीरा के मुताबिक इजराइली सेना ने लेबनान की तरफ हमला किया। इसमें हिजबुल्लाह का सीनियर कमांडर विसाम अल-तविल मारा गया। इजराइल ने जब एयरस्ट्राइक की, उस वक्त हिजबुल्लाह के आतंकी एक कार में सवार थे। हमले में तीनों लोग मारे गए। इजराइली हमले में अब तक हिजबुल्लाह के 130 से अधिक लड़ाकों की मौत हो गई।



### इजराइल का दावा-हमास के कमांड सेंटर को पूरी तरह किया ध्वस्त

इजराइल ने दावा किया है कि उसने उत्तरी गाजा में हमास के कमांड सेंटर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। आईडीएफ का कहना है उसने उत्तरी गाजा में हमास का पूरा नेटवर्क तबाह कर दिया है। वहीं इजराइली सेना ने गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल अक्सा मार्टर्स हॉस्पिटल पर एक बार फिर जोरदार हमला किया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल के भीषण हवाई हमले में 100 से ज्यादा लोग लापता हो गए हैं। डब्ल्यूएचओ और यूएन ने कहा कि अस्पताल का मेडिकल स्टाफ और 600 मरीज अस्पताल से गायब हो गए हैं। उनका पता नहीं लगाया जा सका है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 5 से 7 तारीख तक हुए हमले में 225 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

**पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी:** भारत की कड़ी प्रतिक्रिया

# मालदीव के तीनों मंत्रियों को किया जाए बर्खास्त

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी मामला बढ़ता जा रहा है। सोमवार को मालदीव के हाई कमिश्नर को तलब किया गया। इब्राहिम शाहीब सुबह साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय पहुंचे।

इस दौरान उनसे कहा गया कि इस मामले से दोनों देशों के रिश्ते बिगड़े हैं। इन्हें सुधारने की जिम्मेदारी राष्ट्रपति मुइज्जू की है। उनसे कहा गया कि मालदीव सरकार पीएम मोदी और भारतीयों पर टिप्पणी करने वाले तीनों मंत्रियों को बर्खास्त करे। इनकी सस्पेंशन काफी नहीं है। उधर, भारत विरोधी बयान को लेकर मालदीव में भी तीनों मंत्रियों की निंदा की जा रही है।

भारत विरोधी बयान के बाद मालदीव के तीनों मंत्री चौतरफा घिर गए हैं और उनकी देश विदेश में निंदा होने लगी है। मालदीव विवाद पर इजराइल भारत के लिए आगे आया है। दिल्ली में इजराइली राजदूत ने घोषणा की है कि वह लक्षद्वीप में 9 जनवरी से डिसैलिनेशन प्रोग्राम शुरू करने जा रहा है ताकि भारतीय द्वीपसमूह में पर्यटन को और बढ़ावा दिया जा सके।



### बांग्लादेश ने किया भारत का समर्थन

बांग्लादेश के विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध काफी बेहतरीन हैं। हमें पाकिस्तानी अधीनता का सामना करना पड़ा, उन्होंने हमें प्रताड़ित किया और फिर हम भारत चले गए। भारत ने हमारा समर्थन किया, हमारी मदद की। यहां तक कि आम लोगों ने भी अपना समर्थन दिया। यह ऐतिहासिक संदर्भ है, लेकिन यह पिछले कुछ सालों में खत्म हो गया है। हम एक-दूसरे को बेहतर समझते हैं। जब तक आपके सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध नहीं होंगे, आप समृद्ध नहीं हो सकते।

### भारत से तनाव के बीच चीन पहुंचे मालदीव के राष्ट्रपति

**बीजिंग।** भारत के साथ पैदा हुए तनाव के बीच सोमवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन पहुंच गए। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका पहला विदेश दौरा है। पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से लक्षद्वीप को टूरिज्म के लिए प्रमोट किए जाने पर मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक बयान दिए थे। इसके बाद भारत और मालदीव के बीच रिश्ते और खराब हो गए, जो मुइज्जू के नेतृत्व में आई नई सरकार के बाद से पहले ही कमजोर लग रहे थे। अब तो दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हो गया। इस तनाव के बीच सोमवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन पहुंचे। उनकी इस यात्रा के मायने निकाले जा रहे हैं। इस बीच चीन ने भारत को सलाह दी है कि उसे मालदीव और चीन के रिश्तों को लेकर बड़ा दिल दिखाना चाहिए। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने आर्टिकल में लिखा है कि मालदीव और चीन के बीच सहयोग का लंबा इतिहास रहा है। गौरतलब है कि चीन का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत के साथ मालदीव के संबंध निचले स्तर पर हैं। मुइज्जू ने सत्ता संभालते ही कहा था कि भारतीय सैनिकों को यहां से चले जाना चाहिए। उनके इस बयान से ही यह अनुमान लग रहा था कि वह पिछली सरकार की नीतियों से अलग हटते हुए भारत की बजाय चीन को ज्यादा प्राथमिकता देने वाले हैं।

**पाकिस्तान में पोलियो प्रोटेक्शन टीम के वाहन पर हमला**

# IED विस्फोट में 6 पुलिसकर्मियों की मौत

**एजेंसी** | पेशावर

पाकिस्तान का अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत एक बार फिर धमाकों से दहल गया। सोमवार को यहां हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में 6 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। हमला पुलिस प्रोटेक्शन टीम को निशाना बनाकर उस वक्त किया गया जब एक ट्रक में बाजौर जिले में एंटी पोलियो अभियान में ड्यूटी पर लगी पुलिस टीम को ले जाया जा रहा था। इसी दौरान आईईडी धमाका हुआ। इसमें 6 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि 22 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद इलाके की घेराबंदी की गई है। अन्य पोलियो प्रोटेक्शन टीम को अलर्ट पर रखा गया है। अभी तक बम धमाके की किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। जिस जगह पुलिस टीम को निशाना बनाया गया, वह बाजौर का मामुंद इलाका है और यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। इस घटना के बाद इलाके की घेराबंदी की गई है। अन्य पोलियो प्रोटेक्शन टीम को अलर्ट पर रखा गया है।






**नासा ने पेरेग्रीन 1 लूनर लैंडर को किया लॉन्च**

# चंद्रमा पर भेजी हस्तियों की अस्थियां

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

यूनाइटेड लॉन्च एलायंस ने सोमवार को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के पेरेग्रीन 1 लूनर लैंडर को ले जाने वाले वल्कन सेंटूर रॉकेट को लॉन्च किया। इसे अमेरिकी स्पेस मिशन में मील का पत्थर माना जा रहा है। अगर यह अभियान सफल रहता है तो 1972 में अपोलो मिशन के बाद 50 वर्षों में अमेरिका की पहली मून लैंडिंग हो सकती है। यह किसी भी निजी कंपनी की चंद्रमा पर पहली लैंडिंग भी होगी। पेरेग्रीन का मिशन न केवल वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान में एक मील का पत्थर है, बल्कि अंतरिक्ष की खोज में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।



### अमेरिका की सबसे बड़ी जनजाति ने जताई आपत्ति

अमेरिका की सबसे बड़ी स्वदेशी जनजाति नाराजेवो नेशन ने लैंडर में मानव अवशेषों की उपस्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस मिशन से चंद्रमा के अपवित्र होने का खतरा है। उनकी संस्कृति में चंद्रमा को काफी पवित्र माना जाता है। वल्कन सेंटौर का सफल प्रक्षेपण अमेरिका के प्राइवेट स्पेस कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण माना जा रहा है। अमेरिका तेजी से प्राइवेट कंपनियों को आगे बढ़ा रहा है।

**23 फरवरी को चंद्रमा पर उतरेगा लैंडर:** रेग्रीन 1 लूनर लैंडर 23 फरवरी को चंद्रमा की तरह पर उतरेगा। लैंडर मेक्सिको से छोटे रोबोट जैसे वैज्ञानिक पेलोड और चंद्रमा की सतह के बारे में मूल्यवान डेटा एकत्र करने के उद्देश्य से एक फिजिकल बिटकॉइन भी ले जा रहा है। यह लैंडर 200 से अधिक लोगों के अंतिम संस्कार के अवशेष और डीएनए भी लेकर जा रहा है, जिसमें कथित तौर पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों जॉर्ज वॉशिंगटन, ड्वाइट आइजनहावर और जॉन एफ कैनेडी के बाल भी शामिल हैं। इसके अलावा, दो कंपनियां, सेलेस्टिस और एलीसियम स्पेस, पेरेग्रीन पर स्पेस मेमोरियल मिशन शुरू कर रही हैं। इसमें प्रसिद्ध साइंस फिक्शन ऑथर आर्थर सी क्लार्क का डीएनए, साथ ही स्टार ट्रेक के निर्माता, जीन रोडडेनबेरी और निकेल निकोल्स सहित इसके कलाकारों के कई सदस्यों की अंतिम संस्कार की राख शामिल है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl